मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 193 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
28 दिसंबर 2023 गुरुवार

**आज का मौसम**
26 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page- 7

### गुना कांड के बाद मप्र सरकार सख्त, सीएम यादव पहुंचे घटना स्थल

# कई खुलासे: बिना बीमा व फिटनेस के सड़क पर दौड़ रही थी बर्निंग बस!

**भोपाल/गुना, दोपहर मेट्रो**

बीती रात एक सवारी बस में आग लगने से 13 लोगों के जिंदा जल जाने की घटना के बाद आज मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने कार्यक्रम रद्द करते हुए गुना पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की। इससे पहले गुना रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि गुना की घटना बहुत दुखःद है। मैंने रात में ही कलेक्टर व एसपी से बात की थी। हम कोशिश करेंगे कि दोबारा ऐसी कोई घटना नहीं हो। जांच के आदेश दे दिये गये हैं। जो भी जिम्मेदार होगा किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। दूसरी तरफ गुना हादसे में 13 लोगों की मौत के मामले में कई नई बातें सामने आ रही हैं। इसे लेकर अब सरकार सख्त है। बताया जा रहा है कि न बस का बीमा था और न ही फिटनेस। रोड टैक्स भी खत्म हो चुका था। खबरों के मुताबिक इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीएल मुकाती ने कहा है कि बस 15 साल पुरानी थी। यह बस कैसे सड़क पर चल रही थी? परिवहन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं, डॉ. मोहन यादव ने भी हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों को न बख्शने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि यह घटना हृदयविदारक है। हम कोशिश करेंगे कि ऐसी घटना दोबारा न हो। बस का परमिट नहीं था तो वह कैसे चल रही थी। जिस टर्निंग पॉइंट पर यह टक्कर हुई, उसका क्या कर सकते हैं, यह भी देखेंगे। सभी डेंजर जोन को चिह्नित कर ठीक किया जाएगा। जो भी जवाबदार होगा, उसे नहीं छोड़ेंगे। भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के साथ ही ऐसी घटनाएं न हों, इसके प्रबंध भी किए जाएंगे। सभी मृतकों के परिवार और घायलों के साथ मेरी संवेदना है।

**घायलों का हाल जानने अस्पताल पहुंचे यादव**





### ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने उठाए सवाल

इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीएल मुकाती ने दुर्घटनाग्रस्त बस के कागज सोशल मीडिया पर शेयर किए। साथ ही लिखा कि 'महोदय, बस 15 वर्ष पुरानी है। रोड पर कैसे चल रही थी? फिटनेस, बीमा नहीं है। आरसी डिटेल डाली है। परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ बहुत गहरी है। मोहन (यादव) सरकार को सुदर्शन चक्र चलना पड़ेगा विभाग पर। ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन जिम्मेदार लोग इसपर ध्यान नहीं देते हैं।'

### कितने थे सवार, अभी भी रहस्य

उल्लेखनीय है कि गुना से आरोन जा रही सिकरवार बस को बुधवार रात करीब डंपर ने टक्कर मारी थी, इसके बाद बस में आग लग गई, मृतकों और घायलों के आंकड़े देर रात्रि पुष्टि होने के बाद पुलिस-प्रशासन ने बताए। देर रात से समूचा अमला घटनास्थल पर था और बस के मलबे को हटाकर अन्य यात्रियों को ढूंढा जा रहा था। सीएम यादव ने रात में ही जांच के आदेश देते हुए अधिकारियों से कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। मृतक के स्वजन को चार लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता के निर्देश भी जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि टीमें पड़ताल में जुटी हुई हैं। पूरी तरह से परीक्षण के बाद ही सामने आ पाएगा कि कितने लोग बस में सवार थे और कितने की जलने से मौत हुई है। वही पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने आज कहा है कि गुना से आरोन जाने वाली बस के बारे में ऐसी जानकारी मिली है यह बस बिना परमिट के बिना फिटनेस के चल रही थी। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच व दोषियों पर सख्त कार्यवाही होना चाहिए।

# संघ के गढ़ और दीक्षाभूमि से कांग्रेस का संदेश हैं तैयार हम




**नागपुर, एजेंसी।**

कांग्रेस आज अपना 139वां स्थापना दिवस मना रही है तथा इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गढ़ व मुख्यालय नागपुर में 'हैं तैयार हम' नाम की महारैली कर रही है। यह उसके 2024 लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत है। रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संबोधित करेंगे। महारैली इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नागपुर में हो रही है। यहां ऐतिहासिक 'दीक्षाभूमि' स्थित हैं। दीक्षाभूमि में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धर्म को अपनाया था। इससे पहले महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा है यह देश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, कांग्रेस केंद्र की सत्ता से भाजपा को हराने के लिए बदलाव का संदेश देगी।

### 'राममंदिर पर कांग्रेस खुद रुख साफ करेगी'

उधर अयोध्या में राम मंदिर की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के लिये राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी समेत कई विपक्षी नेताओं को इस कार्यक्रम के लिए न्योता देने पर इंडिया गठबंधन में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने प्रतिक्रिया दी है।

महासचिव पीएमए सलाम ने कहा है कि कांग्रेस के पास इस बारे में सोचने और इस पर प्रतिक्रिया देने की क्षमता है,जबकि आईयूएमएल का कड़ा रुख है कि धर्मनिरपेक्ष दलों को बीजेपी के इस या किसी भी एजेंडे में नहीं फंसना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'हम कांग्रेस के साथ मंदिर या मस्जिद निर्माण के लिए सहयोग नहीं कर रहे हैं. यह राजनीति पर आधारित है।'

### मनी लांड्रिंग में पहली बार प्रियंका का नाम



इधर मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का नाम पहली बार ईडी की चार्जशीट में आया है। हालांकि, उनका नाम आरोपी के तौर पर दर्ज नहीं किया गया है, ईडी की चार्जशीट में प्रियंका के नाम का उल्लेख जमीन खरीद के आरोपी से जुड़े होने के संदर्भ में किया गया है। चार्जशीट में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा के नाम का जिक्र है।

# पहाड़ों पर आई पर्यटकों की बाढ़

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

नए साल का जश्न मनान के लिए हिल स्टेशनों पर पर्यटकों का जमावड़ा शुरू हो गया है। कश्मीर,शिमला,उत्तरखंड से लेकर राजस्थान में पर्यटकों की भारी बाढ़ आई हुई है। शिमला पुलिस ने कहा है कि हाल के कुछ ही दिनो में 1.60 लाख से अधिक वाहन शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर शोघी बैरियर को पार कर गए, जिनमें से लगभग साठ हजार पर्यटक वाहनों ने शिमला जिले में एंट्री ली है। चंडीगढ़ और दिल्ली से शिमला जिले में प्रवेश करने वाले वाहन शोघी बैरियर से होकर गुजरते हैं। पुलिस ने सर्दियों के दौरान शिमला आने वाली पर्यटकों की बड़ी तादाद को ध्यान में रखते हुए राज्य की राजधानी में यातायात को नियंत्रित करने की योजना बनाई है। मास्टर सीसीटीवी नियंत्रण चालू कर दिया गया है और यातायात की भीड़ पर नजर रखने के लिए ड्रोन से निगरानी शुरू कर दी गई है। शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात है।




**पचमढी में पहली बार टेंट सिटी :** मप्र में भी न्यूईयर काउंटडाउन शुरू हो गया है। 2024 का वेलकम करने के लिए मध्यप्रदेश के टूरिस्ट प्लेस में आपके लिए बहुत कुछ खास है। पचमढी में पहली बार जंगल में नाइट स्टे के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। हनुवंतिया में 31st की नाइट रॉक बैंड को बुलाया गया है। गणगौर नृत्य की परफॉर्मेंस भी होगी।मांडू में 31st की नाइट पहली बार गाला डिनर होने जा रहा है।

# कोविंद की फ्लाइट की भोपाल में आपात लैंडिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजा भोज एयरपोर्ट पर बीती रात दो उड़ानों की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। इनमें से एक उड़ान में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भी सवार थे। उनको सुरक्षित उतारा गया। करीब डेढ़ घंटे रोकने के बाद उड़ान रवाना हुई। बताते हैं कि त्रिवेंद्रम से दिल्ली जा रही फ्लाइट में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सफर कर रहे थे। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति को कुछ समय वीआईपी लाउंज में



ठहराया गया था। वहीं बेंगलुरु से दिल्ली जा रही फ्लाइट को डायवर्ट कर भोपाल एयरपोर्ट पर उतारा गया तथा उड़ान रद्द कर दी गई। उड़ान ठीक होकर गुरुवार सुबह दिल्ली के लिए रवाना हुई।

# अभिनेता विजयकांत का कोरोना से निधन

**चैन्नेई, एजेंसी।**



कोरोना का नया वायरस तेजी से फैलने के बाद कई राज्य परेशान हैं व गाइडलाइन लागू की गई हैं। मगर संक्रमित मरीजों का मामले बढ रहे हैं। अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री और डीएमडीके नेता विजयकांत का निधन कोरोना की वजह से हो गया है। देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) नेता और गुजरे जमाने के तमिल एक्टर विजयकांत का निधन आज एक अस्पताल में हुआ। उनकी उम्र करीब 71 साल थी। मद्रास इंस्टिट्यूट ऑफ ऑर्थोपेडिक्स एंड ट्रॉमेटोलॉजी (एमआईओटी) इंटरनेशनल' ने एक प्रेस रिलीज जारी कर कहा, 'विजयकांत को निमोनिया के इलाज के लिए भर्ती कराया गया था इसके बाद से वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और 28 दिसंबर 2023 की सुबह उनका निधन हो गया।

# पाक से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग


**नई दिल्ली, एजेंसी।**



मुंबई हमले के आरोपी आतंकी हाफिज सई को लेकर पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया है कि भारत ने पाकिस्तान से आतंकी हाफिज सईद को हिंदुस्तान के हवाले करने की मांग की है। यह दावा पाकिस्तानी मीडिया इस्लामाबाद पोस्ट ने किया है। दावे के मुताबिक भारत सरकार ने औपचारिक रूप से पाकिस्तान से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया है। हाफिज मोहम्मद सईद मुंबई में 26/11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड है। इस हमले में छह अमेरिकियों समेत 166 लोग मारे गए थे। अमेरिका ने भी उसके संगठन को आतंकी घोषित कर रखा है. यूएस ने उस पर 1 करोड़ डॉलर का इनाम रखा है।

# बाजार आज भी गुलजार,ऊंचाई पर खुले सेंसेक्स व निफ्टी

**मुबंई एजेंसी।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से अगले मार्च से ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में वैश्विक बाजारों में आई तेजी से गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुले। रियल्टी शेयरों को छोड़कर सभी क्षेत्रों में तेजी देखी गई। सुबह बीएसई सेंसेक्स 258 अंक या 0.36 प्रतिशत बढ़कर 72,297 पर कारोबार करता दिखा। वहीं, निफ्टी50 79 अंकों या 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,734 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। मजबूत घरेलू मैक्रोइकॉनॉमिक आंकड़ों, विदेशी निवेश की वापसी और तेल की कीमतों में नरमी की मदद से इस महीने अब तक भारतीय सूचकांक 8त्न चढ़ चुके हैं। मासिक लाभ भी इस वर्ष सबसे अधिक रहा है और जुलाई 2022 के बाद से यह सबसे अधिक है।



# सारी रात एयरपोर्ट को 'बचाने' के लिए सक्रिय रही पुलिस फोर्स

**जयपुर एजेंसी।** जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी के ऑफिशियल आईडी पर आए एक ईमेल ने देर रात हड़कंप मचा दिया। कस्टमर केयर आईडी पर मिले में जयपुर सहित देश के 7 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बम ब्लास्ट की धमकी मिलने के तुरंत बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आए। सीआईएसएफ और पुलिस की टीमों ने एयरपोर्ट के चप्पे चप्पे पर तलाशी ली। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। जानकारी के मुताबिक मेल में लिखा था कि जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, चंडीगढ़, मुम्बई, चेन्नई और अहमदाबाद एयरपोर्ट को बम से उड़ा दिया जाएगा। यह मैसेज मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आई। एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस अब धमकी भरा ईमेल भेजने के मामले की जांच कर रही है।



**नई सियासत** | कांग्रेस के पुराने खसरे का नए सिरे से सीमांकन करने की घड़ी...

# नई टीम के लिए पुराने खिलाड़ी बन रहे दुविधा!

कांग्रेस के नये सूबाई अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने युवा तेवर व पद के तकाजों के चलते मैच्योरिटी की जिस मांग के बीच उलझ गए लगते थे, उसे हाइकमान ने एक झटके में सुलझा दिया है। पद संभालने के बाद पीसीसी से लेकर डीसीसी व बीसीसी तक समूची टीम 'बहाल' करके खुद को उदार दिखाने की कोशिश में पटवारी परिवर्तन के उस मूलपाठ से दूर हो रहे थे, जो हाइकमान ने उनके ही जरिए रचने की कोशिश की है। दरअसल, हाइकमान ने पूर्ववर्ती अध्यक्ष कमलनाथ के स्थान पर पटवारी को मप्र में कांग्रेस की जमीन का नए सिरे से 'सीमांकन' व 'सियासी खसरे पर गाढ़े अक्षरों में पट्टा दर्ज कराने' भेजा है। मगर पटवारी पुराने राजस्व रिकार्ड पर ही भरोसा करने या न करने की दुविधा में दिखे


**अर्थात्**
आशीष दुबे




थे। शायद वे संकेत देना चाहते थे कि किसी पुराने दुराग्रह या पूर्वाग्रह से वे नया काम नहीं करना चाहते। हालांकि खुद उनके पुराने अनुभव इससे इतर नहीं हैं! बावजूद उनके फैसले से नाथ की जंबो कार्यकारिणी को राहत थी और पटवारी के इर्दगिर्द की भीड़ छंटने लगी थी।

बहरहाल, साढ़े पांच साल का मप्र कांग्रेस का सफर अब *जय-जय कमलनाथ* से *'मैं नहीं हम'* तक पहुंचा है। यह नया मंत्र प्रभारी जितेंद्र सिंह ने दिया है। कांग्रेस में एक और खास परिवर्तन नजर आया, उसकी बैठक मंच और कुसियों से वापस गाव-तकियों व पारंपरिक मुनीम-डेस्क तक पहुंच गई है। कभी मप्र कांग्रेस का यही कल्चर था, जो कार्पोरेट शैली में खो गया। अब कई 'निर्गुट नेता' कहने लगे हैं कि 'नाथ-काल में एकतरफा संवाद व पूरी टीम में एकदूसरे के प्रति सियासी अदावत रही, या पैदा की गई। हर पदाधिकारी अपने दूसरे समकक्ष के प्रति सशंकित रहा, इनका संवाद सिर्फ नाथ के सामने होता था तथा पीसीसी में अबोला-जैसा रहता था।' अब क्या वही चेहरे जीतू की नैया के खिवैया कौन होंगे, यही सवाल है। इसीलिये पटवारी के सामने नये-पुराने व दरकिनार रहे नेताओं के साथ असरदार कॉकटेल तैयार करने की चुनौती है।

नये प्रदेशाध्यक्ष के दूरगामी नजरिये पर भी उत्सुकता हैं। क्योंकि पटवारी को कांग्रेस को करारी हार की गहन समीक्षा करना है, बागियों-भितरघातियों की फाइलें पेडिंग हैं, हारे और बमुश्किल जीते उम्मीदवार कुछ बोलना चाहते हैं। कुल मिलाकर मप्र में कांग्रेस को अब पूरे पांच साल का सफर 'जागकर' तय करना है, इसमें दूर तक रात ही रात है। लोकसभा चुनाव तो महज एक पड़ाव की तरह होगा। दिलचस्प बात यह है कि कार्यकारिणी भंग करने के बाद जब एक दिन पहले ताजा-ताजा पूर्व हुए पदाधिकारी जीतू पटवारी को छोड़ने बाहर आए तो एक ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहावत दोहराई- नया घोड़ा नया दाम, इस पर दूसरे ने कहा- घोड़ा बादाम खाई,पीछे देखे मार खाई... !

# जाड़े के दिन व ढलती शाम...




*भोपाल। झील में चांद भी उतरता है और सूरज भी... राजधानी की बड़ी झील पर जाड़े के दिन में भरसक ऊष्मा देने की कोशिशों के बाद इन दिनों सूरज कुछ यूं डूब रहा है। चित्र में केबल ब्रिज के पार से नजर आता शाम का सूरज।*

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने लिखा आरएसके संचालक को पत्र

## 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा का अंकसूची शुल्क माफ करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने राज्य शिक्षा केंद्र संचालक को पत्र लिखकर 5वीं, 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आयोजित वार्षिक परीक्षा 2022-23 का अंकसूची शुल्क माफ की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने मांग की है कि अंकसूची शुल्क माफ कर संस्थाओं को अंकसूची प्रदान की जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो आरटीई के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों से भी संस्थाएँ सभी कक्षाओं में परीक्षा शुल्क लेने के लिए बाध्य होंगी।

पत्र में कहा है कि अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम के अनुसार संस्था द्वारा शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त अन्य कोई भी शुल्क नहीं लिया जा सकता, परंतु राज्य शिक्षा केन्द्र के आदेशानुसार कक्षा 5वी की अंकसूची प्राप्त करने के लिए 50 रूपये प्रति छात्र एवं 8वी के लिए 100 रूपए प्रति छात्र की दर से संस्था को



ऑनलाईन राशि जमा करने के पश्चात् ही अंकसूची प्राप्त होगी। इस नियम के लागू करने से अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। इस अधिनियम के अंतर्गत संस्थाओं को आरटीई में अध्ययनरत बच्चो से कोई शुल्क नहीं लेना है।

### आरजीपीवी: यति विश्नोई का गूगल कंपनी में हुआ चयन, मिला 54 लाख का सालाना पैकेज

**भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (यूआईटी) की कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की छात्रा यति विश्नोई का मल्टीनेशनल कंपनी गूगल में 54 लाख सालाना पैकेज में सिलेक्शन हुआ है। छात्रा यति ने इंटर्नशिप गोल्डमैन सॅक्स बेंगलुरु में किया। जिसमें उन्हें हर माह एक लाख रुपए इंटर्नशिप के दौरान मिले। यति ने बताया कि गूगल द्वारा तीन राउंड का इंटरव्यू लिया गया। जिसमें प्रथम राउंड में कोडिंग से संबंधित प्रश्न किए गए, द्वितीय राउंड में टेक्निकल संबंधित प्रश्नों किए गए उसके उपरांत उनका एचआर राउंड लिया गया। जिसके बाद सिलेक्शन किया गया। यह सिलेक्शन ऑफ कैंपस के द्वारा हुआ है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति सुनील गुप्ता ने यति विश्नोई को उनके सिलेक्शन पर सम्मानित करते हुए कहा कि आप विश्वविद्यालय के साथ प्रदेश एवं देश -विदेश मे संस्था का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित थे।

## पंचायत मनाएगी विश्व बहिराणा दिवस 1 जनवरी को



### बी.आर.टी.एस. हटाने के लिए सीएम, विधायक का आभार

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

पूज्य सिंधी पंचायत ने अपनी पदाधिकारियो की बैठक हुई, जिसमें कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने की। बैठक में तय किया गया सर्वप्रथम इष्टदेवता भगवान झूलेलालजी के बहिराणा साहिब की अहमियत पर प्रकाश डालने के लिए एक जनवरी को बहिराणा दिवस मनाया जाएगा।

कार्यक्रम झूलेलाल मंदिर एच वार्ड में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। पंचायत महासचिव माधू चांदवानी के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीआरटीएस को हटाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक रामेश्वर शर्मा के प्रयासों के लिए पंचायत आभार व्यक्त करेगी। दीनदयाल उपाध्याय बोरवन क्लब में नवनिवृत पगडी रस्म हाल को यथा शीघ्र शुरु करवाया जाए। पंचायत ने एक बार फिर तेरहवीं का आयोजन 12 वें दिन करने और तीसरे दिन और केवल रिश्तेदारो को ही आमंत्रित करने का आग्रह समाजजनों से किया गया। बैठक में पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, महासचिव माधू चांदवानी, मुख्य सलाहाकार नरेश तोलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, फैसला बोर्ड संयोजक राज मनवानी, मोहन मीरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, गुलाब जेठानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

## शिविर के लिए दिल्ली रवाना हुई एनसीसी की 128 कैडेट आरडीसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

गणतंत्रता दिवस शिविर दल में शामिल मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय की 128 कैडेट आरडीसी टुकड़ी नई दिल्ली के लिए रवाना होग गई है। यहां वह एक महीने तक चलने वाले आरडीसी शिविर में शामिल होंगे। यह विभिन्न राष्टीय एनसीसी स्तर की प्रतियोगिताओं में अन्य 16 राज्य निदेशालयों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और प्रधानमंत्री रैली में भी भाग लेंगे। गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में मप्र-छग निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए ये कैडेट अंतिम रूप से एक सामूहिक चयन प्रक्रिया और तीन सावधानीपूर्वक नियोजित एनसीसी शिविरों से गुजरे। संपूर्ण चयन और प्रशिक्षण प्रक्रियाको मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ निदेशालय के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अजय कुमार महाजन और निदेशालय के स्टाफ अधिकारियो की गहन निगरानी में हुआ।

## संत कॉलेज में सात दिनी पेरोल मैनेजमेंट एप्रेंटिसशिप कार्यक्रम



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग ने वोकेशनल वैली के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय पैरोल मैनेजमेंट एप्रेंटिसशिप कार्यक्रम का आयोजन किया, विषय विशेषज्ञ सी.ए. राहुल जैन, वोकेशनल वैली, भोपाल उपस्थित थे। राहुल जैन ने छात्राओं को सैलेरी कम्पोनेंट्स, मिनिमम वेज स्ट्रक्चर्स, बोनस और ग्रेजुएटी सिस्टम, लीव इनकेशमेंट पॉलिसी?, ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी. रिटर्न फाइलिंग, पैरोल शीट सहित एच.आर. मैनेजमेंट से जुड़ी जानकार दी। प्रो. आकांक्षा अरोरा, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग ने कहा कि छात्राओं को पैरोल मैनेजमेंट का व्यवहारिक ज्ञान होना आवश्यक है। वर्तमान परिदृश्य की चुनौतियों का सामना करने एवं उपलब्ध अवसरों का लाभ लेने के लिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं।

## पांच दिनी रामधुनी शुरू सुखमनी पाठ भी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिंधी महिला पंचायत की पांच दिवसीय रामधुनी की शुरूआत हुई, सभी की खुशहाली की कामना के लिए, हरे राम हरे राम, राम-राम, हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे की रट लगाई जा रही है।

लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में धुनी का शुभारंभ सुखमनी पाठ साहिब के वचन के साथ धर्म गुरु मीरा देवी ने की। सुखमनी पाठ शब्द कीर्तन पल्लव अरदास हुई। साथ ही धर्म गुरु पदमा उदासी ने प्रेम प्रकाश ग्रन्थ को विराजमान करवाया। राम धुनी के साथ प्रेम प्रकाश ग्रन्थ का वचन भी रोज होगा जिसका 31 दिसंबर को 5 बजे भोग साहिब का समापन होगा पंचायत की किरण वाधवानी ने कहा राम से ब?ा राम का नाम है, जो भी राम का नाम जपता है उसकी हर मनोकामनाएं पूर्ण होती है। राम धुनी 12 से 5 बजे तक लाइफ लाइन पब्लिक स्कूल में लगाई जा रही है। शुभारंभ मौके पर मीरा देवी, पदमा उदासी, किरण वाधवानी, नूतन लखवानी, मुस्कान कृपलानी, नैना वाधवानी, भावना कलवानी, माया बागवानी, लता लालवानी, विमला बागवानी, रितिका साधवानी आदि मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर** | मिठी स्कूल में योग्यता, भूपेश, दुर्गा एवं कैलाश सम्मानित

## विभिन्न कलाओं के लिए टीचर्स व एक्स स्टूडेंट सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में विभिन्न कलाओं में सम्मानित हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की शिक्षिका योग्यता शर्मा ने ग्वालियर म.प्र. शासन द्वारा आयोजित तानसेन समारोह में तबला वादन में भाग लेकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया। इसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र व गिनी? बुक आई डी सम्मान स्वरूप प्राप्त हुई। विद्यालय के शिक्षक भूपेश पाठक जी को दत्त मंदिर मराठी समाज भोपाल द्वारा एक से अधिक वाद्ययंत्रों में दक्षता प्राप्त होने के लिए शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न, प्रख्यात तबला



वादक किरण पांडे द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कला संस्कृति व साहित्य के संरक्षण व संवर्धन हेतु उल्लेखनीय कार्य करने पर बुंदेलखण्ड समाज विज्ञान शोध संस्थान झाँसी व पंचायत विकास परिषद, भोपाल की ओर से शिक्षिका दुर्गा मिश्रा (शास्त्रीय नृत्य कत्थक में) को शॉल, श्रीफल, प्रमाण पत्र द्वारा कला कुंभ सम्मान से सम्मानित हुई हैं। विद्यालय परिवार द्वारा योग्यता शर्मा, भूपेश पाठक, दुर्गा मिश्रा को पुष्पगुच्छ एवं विद्यालय के पूर्व छात्र कैलाश टोपनानी को शॉल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ द्वारा अभिनय कला के लिए सम्मानित किया गया। कलाकार हरजोत सिंह ने फिल्म चंदू चैम्पियन, एनिमल, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी आदि फिल्मों में अभिनय किया है। कादमिक डायरेक्टर श्री गोपाल गिरधानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि अपनी कला को निखारने के लिए विनम्रता व अनुशासन का मूलमंत्र अपनाएँ। विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी हीरो ज्ञानचंदानी, ए.सी. साधवानी, के एल रामनानी, गोपाल गिरधानी, वरिष्ठ सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, भगवान दामानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या आशा चंगलानी, शिक्षकगण एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

# उमा भारती के ट्वीट के बाद मिलने जा पहुंचे कश्यप

## वेतन नहीं लेने की घोषणा पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था- *इसमें कौन सी बड़ी बात है...*

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश के भाजपा विधायक व हाल में मंत्री बने चेतन कश्यप पूर्व सीएम उमा भरती के एक ट्वीट के बाद उनके पास जा पहुंचे। दरअसल उमाभारती ने कश्यप द्वारा विधायक का वेतन नहीं लेने के फैसले पर प्रतिक्रिया दी थी। इस प्रतिक्रिया के बाद ही कश्यप खुद उमा भारती से मिलने पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री उमा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि रतलाम



से विधायक एवं हाल ही में बने प्रदेश सरकार के मंत्री चैतन्य कश्यप मेरे दूसरे ट्वीट के जवाब में स्वयं उपस्थित हो गए। चैतन्य कश्यप को मैं 20 साल से जानती हूं वह बहुत बड़े व्यवसायी, बहुत बड़े दानी एवं समाजसेवी हैं। वह अपने व्यवसाय से प्राप्त लाभ का बहुत बड़ा हिस्सा दान करते हैं किंतु फिर भी मैंने अपना सुझाव दोहराया कि वह अपने वेतन एवं भत्ते सरकार को वापस करने की जगह पर दान की राशि में शामिल कर लिया करें, उन्होंने इस पर कहा कि वह इस पर विचार करेंगे।

गौरतलब है कि कल ही उमाभारती ने लिखा था कि रतलाम के एक संपन्न जैन व्यवसायी चेतन कश्यप ने अपनी संपत्ति 296 करोड़ घोषित की है। अभी कुछ दिनों पहले मध्यप्रदेश के अखबारों में उनकी तारीफ लिखी थी कि वो अपना विधायक का वेतन नहीं लेते जो कि साल भर का करीब 12 लाख होता है। 296 करोड़ वाला व्यक्ति अगर सरकार के 12 लाख छोड़ देता है तो इसमें कौनसी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि चेतन कश्यप सरकार को वेतन वापिस करने के बजाय वह राशि अभावग्रस्त लड़कियों की शिक्षा पर खर्च करें। हमें यह याद रखना पड़ेगा कि सभी विधायक बड़े व्यवसायी नहीं होते और ना वो राजनीति से अपना व्यवसाय बढ़ाते हैं। उमा भारती ने यह भी लिखा कि अपना सर्वस्व त्यागकर राजनीति के माध्यम से जनसेवा करने वाले जनप्रतिनिधियों को हर तरह की सहूलियत सरकार से मिलनी चाहिए। अगर विधायकों और सांसदों को ईमानदारी की राह पर चलना आसान बनाना है तो चेतन कश्यप जैसे पूंजीपति विधायकों को छोड़कर सभी विधायक की तनखा एवं अन्य भत्ते आज की सभी परिस्थितियों को देखकर मिलना चाहिए।

### सर्दी या गर्मी बढ़ने की स्थिति में अवकाश को लेकर स्कूल शिक्षा उप सचिव ने जारी किए दिशा निर्देश

### कलेक्टर-डीईओ को डीपीआई व आरएसके से लेनी होगी सहमति

# अब स्कूल प्रतिनिधियों, अभिभावकों से चर्चा के बाद ही घोषित होंगी छुट्टी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में अब कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी स्वतः संज्ञान लेकर छुट्टी घोषित नहीं कर सकेंगे। शीतलहर में कम तापमान, शीतलहर, कोल्ड डे एवं ग्रीष्मकाल में अधिक तापमान, हीट वेव की स्थिति में अवकाश के आदेश जारी करने के पहले कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूल प्रतिनिधियों और अभिभावकों से चर्चा करनी होगी। इसके अलावा लोक शिक्षण आयुक्त और राज्य शिक्षा केंद्र संचालक की सहमति भी जरूरी होगी। जारी आदेश में कहा गया है कि इसके साथ ही स्कूलों को उक्त आशय के आदेश पालन करने के लिए कम से कम एक दिन का समय दिया जाए। जिससे स्कूल एवं अभिभावक पर्याप्त व्यवस्था का समय मिल सके। इसके बाद ही छुट्टी के आदेश जारी किए जा सकेंगे।



#### परीक्षाएं तय समय पर ही होंगी, आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्यवाही

आदेश में यह भी चेतावनी दी गई है कि इन निर्देशों के उल्लंघन होने पर डीईओ और डीपीसी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। विभाग ने आदेश में परीक्षाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। आदेश में कहा गया है कि राज्य स्तर से निर्धारित विभिन्न परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित होंगी।

#### पूर्व में जारी किए गए सभी आदेश निरस्त

दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव प्रमोद सिंह द्वारा अवकाश जारी करने को लेकर नए नए दिशा-निर्देश प्रदेशभर के कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि शीतकाल एवं ग्रीष्मकाल में अत्यधिक ठंड अथवा गर्मी पड़ती है। इसके कारण से शाला समय में परिवर्तन की आवश्यकता होती है। पूर्व में इस संबंध में जारी किये गये सभी निर्देशों को निरस्त कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि ऐसी स्थिति में स्कूलों के समय में परिवर्तन संबंधित आदेश स्वतः संज्ञान लेकर नहीं जारी किए जाएं। इसके लिए प्रथमतः विद्यालयों के प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों से चर्चा की जाए। इसके साथ ही आदेश जारी करने से पहले आयुक्त, लोक शिक्षण और संचालक, राज्य शिक्षा केन्द्र से सहमति ली जाना जरूरी है।

#### अपरिहार्य परिस्थिति में डीपीआई-आरएसके की सहमति

आदेश में कहा है कि शीतकाल में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री से कम एवं ग्रीष्मकाल में 42 डिग्री से अधिक रहने की संभावना पर प्री- प्रायमरी से 5वीं तक की कक्षाएं बंद करने के संबंध में जिला कलेक्टर निर्णय संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र से परामर्श बाद करेंगे। हालांकि अन्य अपरिहार्य परिस्थिति में लोक शिक्षण आयुक्त और राज्य शिक्षा केंद्र संचालक से सहमति प्राप्त कर संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा शाला संचालन के लिए समय निर्धारित किया जा सकेगा।

### मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का मामला

## हाजिरी दर्ज करने वाली मशीनें खराब, कर्मियों पर दबाव चार्ज करने के उपाय खुद करें!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में एक हजार बायोमीट्रिक उपस्थिति मशीनें खराब हो गई हैं। जिनकी कीमत लगभग 25 लाख रुपये बताई जा रही है। ऐसे में अब 10 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाने के लिए आउटसोर्स कर्मियों पर 12 से 15 हजार वाला स्मार्ट फोन खरीदने एवं स्वयं के खर्च से रीचार्ज कराने का दबाव बनाया जा रहा है। यह मशीनें कोरोना काल में खरीदी गई हैं। बताया जाता है कि कंपनी ने मुख्यालय एवं ग्वालियर और भोपाल रीजन के 18 वृत्त (सर्किलों) के अधीन आने वाले 500 विभिन्न कार्यालयों, सब स्टेशनों, वितरण केंद्रों, जोन व डिवीजन कार्यालयों में कार्यरत करीब 15 हजार विभिन्न आउटसोर्स, संविदा, नियमित श्रेणी के कर्मचारियों की नियमित बायोमीट्रिक प्रयास उपस्थिति के लिए करीब एक हजार थम्ब व आईज डिवाइस मशीनें वर्ष 2015-16 में खरीदी थी। इसकी कीमत करीब 25 लाख रूपये थी, उन्हें कोरोना की आड़ में अब कबाड़ बना दिया गया है। यह मशीनें 10 वर्ष की गारंटी अवधि के पहले ही चालू अवस्था में रहने पर भी अब अनुपयोगी हो गई हैं। इस कारण अनेकों नियमित, संविदा व छोटे पदों के आउटसोर्स कर्मी जैसे भृत्य, फर्राश, माली, सुरक्षा सैनिक कर्मी परेशान हैं। वह बिजली कंपनी द्वारा जारी नई व्यवस्था के तहत मंहगा स्मार्ट मोबाइल खरीदने की स्थिति में नहीं है। हालांकि इस पर अफसर चुप हैं।



**सीएम का टोपी पहनाकर स्वागत**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव का प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी की टोपी पहनाकर किया स्वागत। बैठक में विकसित भारत संकल्प यात्रा और पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ हितग्राहियों को दिलाने पर चर्चा हुई तथा लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने और 51 प्रतिशत वोट शेयर को लेकर कार्यकर्ता से काम करने को कहा गया।

### कांग्रेस का स्थापना दिवस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस आज अपना 138 वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेताओं ने झंडावंदन किया और शपथ ली।

## रेस्क्यू कर वन विहार लाई बाघिन की हालत नाजुक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वयोवृद्ध बाघिन टी-40 की हालत नाजुक बनी हुई है। कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से रेस्क्यू कर उसे वन विहार भोपाल लाया गया था। बताया जा रहा है कि 11 दिन से उसने खाना भी नहीं खाया है। डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है, लेकिन उसमें भी सुधार नहीं हो रहा है। डॉक्टरों के परीक्षण में बाघिन के गुर्दे सही तरीके से काम नहीं करने की बात सामने आ रही है। 5 नवंबर को कान्हा टाइगर रिजर्व मंडला से बाघिन को रेस्क्यू कर वन विहार भोपाल स्थित रेस्क्यू सेंटर लाया गया था।

## फार्मेसी: दो दिन में 417 छात्रों का रजिस्ट्रेशन, प्रवेश आज से शुरू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आज से कॉलेजों में एडमिशन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। प्रदेश के फार्मेसी कॉलेजों में एडमिशन के लिए दो दिन में 417 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करा लिया है। एडमिशन के लिए छात्र 30 दिसंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अब नए 50 कॉलेजों की 8 हजार सीटें बढ़ने से 14,142 सीटों पर एडमिशन होना है। वहीं रजिस्टर्ड विद्यार्थी आज से 30 दिसंबर तक ऑनलाइन फीस भरकर एडमिशन ले सकते हैं। प्रदेश में फार्मेसी के 194 कॉलेज संचालित हैं। 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 244 हो गई।

### आरजीपीवी में दो गुटों के बीच हुई मारपीट का मामला

## जांच के बाद चार छात्रों को किया निष्कासित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रॉक्टोरियल और एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच के बाद की कार्रवाई भोपाल. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में छात्रों के बीच हुई मारपीट के मामले में प्रॉक्टोरियल बोर्ड की बैठक में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज और छात्रों के बयान के बाद चार छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। प्रथम दृष्टया इन छात्रों की संलिप्तता पाए जाने पर जांच पूरी होने तक छात्रों को संस्था से निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही एंटी रैगिंग कमेटी एवं प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने विवाद में शामिल कुछ छात्रों के बयान दर्ज किए गए। जांच अधिकारी ने कहा कि यह छात्र जांच पूरी होने तक बाहर रहेंगे। रिपोर्ट आने के बाद दोषी छात्रों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, इससे पहले प्रॉक्टोरियल बोर्ड के अध्यक्ष ने यूआईटी डायरेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के साथ इस पर चर्चा की। बोर्ड ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे।

#### यह है मामला :

बता दें शुक्रवार को विश्वविद्यालय में दो गुटों के छात्रों के बीच मारपीट हुई थी। इस घटना में एक छात्र का सिर फूट गया था। वहीं आधा दर्जन छात्रों को चोटें आई थीं। इस प्रकरण में गांधी नगर थाने में सात छात्रों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। **ये छात्र निष्कासित:** गौरव चौधरी, फोर्थ ईयर, ईसी ब्रांच, मोहित राय, फोर्थ ईयर, ईसी ब्रांच, अनिरुद्ध सिंह, फोर्थ ईयर, पीसीटी ब्रांच, हिमांशु तिवारी, थर्ड ईयर, ईएक्स ब्रांच

**मेट्रो एंकर** — प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सुविधा

# उच्च शिक्षा: विदेश में पढ़ाई के लिए 44 छात्रों को मिले 7 करोड़ रुपए, 3.30 लाख छात्रवृत्ति

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विदेश में पढ़ाई के लिए पिछड़ा वर्ग विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जा रही है। इस वर्ष इस योजना के तहत चयनित 44 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में करीब 7 करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई गई है।

वहीं प्रदेश में इस वर्ष अब तक 3 लाख 30 हजार विद्यार्थियों को पिछड़ा वर्ग पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई गई है। इन विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में लगभग 459 करोड़ रूपये की राशि का वितरण किया गया है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति के अंतर्गत 32 लाख 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के रूप में 263 करोड़ की राशि का वितरण किया गया है। बता दें कि पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति पिछड़ा वर्ग के कक्षा 11, 12 और स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गयी है। पिछड़ा वर्ग राज्य छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई गई है।

#### कन्सट्रक्शन सेक्टर में 45 युवाओं को मिला प्रशिक्षण



विभाग द्वारा पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को विदेशों में रोजगार उपलब्ध कराने की अभिनव योजना का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। इस वर्ष कन्सट्रक्शन सेक्टर में 45 और केयर वर्कर सेक्टर में 15 चयनित युवाओं को विभाग द्वारा प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 5 युवाओं का रोजगार हेतु चयन जापान स्थित निजी संस्थानों में भी हो चुका है।



## सुविचार

''जिंदगी में हम कितने सही और कितने गलत है,
ये सिर्फ दो ही शख़्स जानते है।''

– अज्ञात

l ikndh;

# अमन और बंदूक

करीब तीन दशक से अशांत जम्मू-कश्मीर अभी नाजुक दौर में ही है। अनुच्छेद 370 के इतिहास का हिस्सा बन जाने के बाद से वहां एक नया दौर तो शुरू हुआ है, टूरिस्टों की बढ़ती संख्या जहां लोकल इकॉनमी को बढ़ावा दे रही है, वहीं नौजवानों को रोजगार के मौके भी मुहैया करा रही है।मगर फिर भी कुछ ऐसा है जो एक खुटका पैदा किये रहता है। जाहिर है कि हालात पूरी तरह संभलने में अभी कुछ और वक्त लगेगा। क्योंकि ऐसा लगता है कि बदलते माहौल में आतंकवादी तत्व बेसब्री से असंतोष का कोई ऐसा मौका तलाश रहे हैं जिसका फायदा उठा सकें। इसीलिये हाल की घटनाओं के बाद सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचकर सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना का ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की जांच शुरू करना, यह बताता है कि सैन्य नेतृत्व ने हाल की घटनाओं को कितनी गंभीरता से लिया है। पिछले सप्ताह इस इलाके में आतंकवादियों ने जिस तरह से घात लगाकर हमला किया और सेना के चार जवानों की हत्या कर दी, वह तो असहनीय था ही, लेकिन उसके बाद पूछताछ के लिए उठाए गए तीन लोगों का मृत पाया जाना भी कम गंभीर नहीं था। पिछले करीब एक साल की घटनाएं बताती हैं कि इस इलाके में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने इस इलाके में अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार कर लिया है। पिछले सप्ताह की घटना में भी यह मानने के ठोस आधार हैं कि आतंकवादियों को यहां रहने वाले कुछ लोगों की प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिली है। इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है, जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, वह बेहद सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें तो ऐसा लगता है कि इस बार कुछ चूक हुई है। हालांकि मामले की जांच चल रही है, इसलिए निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी गैरजरूरी है तथा जांच रिपोर्ट का इंतजार करना बेहतर। बहरहाल, ऐसे मौके पर सेनाध्यक्ष ने जहां जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे ऑपरेशंस के दौरान पूरी तरह से प्रफेशनल रवैया अपनाएं। यह सलाह बेहद अहम है। चाहे अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग- कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। चूंकि भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ढाल कश्मीर के लोग ही हैं, इसलिए लोगों का विश्वास बनाए रखते हुए ही सेना व सरकार को आगे बढ़ना होगा। चाहे सवाल सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता का हो या चुनावी प्रक्रिया की बहाली का हो। यदि लोगों का विश्वास बना रहा तो फिर कुछ भी मुश्किल नहीं होगा। कश्मीर में हाल में बढी सामान्य गतिविधियां बताती भी हैं कि लोग सुकून व विकास चाहते हैं। तकनीक के विस्तार के दौर से यहां के लोग भी जुडना व आगे बढना चाहते हैं। वहां पीढ़ियां बदल रही हैं इसलिये माहौल भी बदला हुआ चाहते हैं, सिर्फ मुट्ठी भर लोग ऐसे हैं जो इस पूरे बदलाव चक्र को रोकने की कोशिश करते हैं।

# नारी को शक्ति और संरक्षण की गारंटी का साल

**डॉ. ऋतु सारस्वत**



एक और साल बीतने को है। नववर्ष का आगमन, पुरातन का आकलन, उत्साह, खुशी, ऊर्जा, सफलता, असफलता, निराशा, अपमान, हताशा और अंत में 'आशा' इन्हीं शब्दों का पिटारा ही तो है वर्ष 2023ज। तीव्र गति से बढ़ती आर्थिक विकास की गति भारत का एक गौरवशाली इतिहास लिखने को तत्पर है। इस जाते हुए वर्ष में बहुत कुछ मंथन करने को है, उलझन इस बात की है कि आरंभ कहां से हो? चर्चा खुशियों की हों या जिक्र हताशा का भी हो, यह तय है कि हर पराजय जीत के सबक देकर जाती है, बशर्ते हमारी मंशा देश हित की हो। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि बात जब देश की 'सक्षमता' की हो तो आधी-आबादी का जिक्र न उठे क्योंकि उनकी 'सक्षमता' देश को सक्षम बनाती है, उनका 'आर्थिक स्वावलंबन' देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करता है, उनकी 'अस्मिता' की रक्षा देश के आत्मसम्मान का संरक्षण करती है।

विचारणीय यह है कि 2023 अपनी यादों में देश की आधी-आबादी के लिए क्या छोड़कर जा रहा है? इस वर्ष का आरंभ ही महिला सक्षमता की एक नवीन पटकथा के लेखन से हुआ, जब जनवरी माह में सेनाध्यक्ष ने सेना की आर्टिलरी रेजिमेंट में महिलाओं को शामिल करने का ऐलान किया जिसे सरकार ने मार्च माह में स्वीकृति दी। वर्ष?2023 इस रूप में भी अपनी छाप छोड़ गया कि 'फायर एंड फ्यूरी सैपर्स' की कैप्टन शिवा चौहान को दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के 'कुमार-पोस्ट' पर तैनात किया गया। महिला अग्निवीरों ने फौज में सम्मिलित होकर यह सिद्ध कर दिया कि अगर उन्हें मौका मिले तो महिला सशक्तता की नित्य नवीन इबारत वह लिख सकती हैं। नवंबर आते-आते सेना में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का एक और उदाहरण उस समय देखने को मिला जब सशस्त्र सेना ट्रांसफ्यूजन सेंटर की कमान पहली बार महिला अधिकारी को सौंपी गई। 2023 का अंतिम माह लैंगिक समावेशिता की अनूठी छाप तब छोड़ गया जब भारतीय सेना ने नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 4 से 8 दिसंबर तक दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन की महिला अधिकारियों के लिए एक टेबल-टॉप एक्सरसाइज का आयोजन किया। यह अभ्यास प्रतिभागियों के लिए वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को प्रतिबिंबित करते हुए जटिल शांति स्थापना परिदृश्यों पर प्रतिक्रियाओं का अनुकरण और रणनीति बनाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। आधी-आबादी की सशक्तता के पदचाप उस समय सुनाई दिए जब पूर्वोत्तर भारतीय राज्य नागालैंड से निर्वाचित महिला सांसद एस फांगनोन कोन्याक को सदन की कार्यवाही के संचालन का अवसर मिला। संसद के मानसून सत्र से पहले बनाए गए आठ सदस्यीय पैनल में चार महिलाओं को शामिल किया गया। राज्यसभा के इतिहास में पहली बार उपाध्यक्षों के इस पैनल में महिला सदस्यों को समान संख्या में प्रतिनिधित्व मिला।

महिला सशक्तीकरण का सफल अध्याय तब तक लिखा जाना संभव नहीं जब तक कि महिलाएं निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त नहीं करतीं। निर्णय लेने की क्षमता का सबसे सशक्त आधार 'राजनीतिक सत्ता' है क्योंकि यह नेतृत्व क्षमता प्रदान करती है। 2023 में महिला सशक्तीकरण का बिगुल तब बजा जब सितंबर माह में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का उद्घोष हुआ। संसद में केंद्र सरकार ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने की घोषणा की। वर्ष 2023 का यह निर्णय भविष्य की तस्वीर बदल देगा। वर्तमान में लोकसभा के कुल 543 सदस्य हैं। वर्तमान में मौजूद सदन में महिलाएं 82 हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी होने के बाद 181 महिला सांसद होगी। यह अंतर आंकड़ों भर का नहीं होगा अपितु यह अंतर एक सशक्त देश की तस्वीर उकेरेगा।

महिलाओं के लिए दीर्घकालिक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य से की गई नीतिगत पहलुओं से महिला सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के प्रयास तब फलीभूत होते प्रतीत होते हैं जब सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की अक्तूबर माह में जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है कि देश में महिला श्रमबल भागीदारी में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई पहल की गई। यह वर्ष विश्व मानचित्र में कभी न मिटने वाली कहानी चंद्रयान-3 जब लिख रहा था तब कई महिला वैज्ञानिक उस कथा की रचना में अपना अभूतपूर्व सहयोग दे रही थीं। हर वह क्षेत्र जहां महिलाओं के अस्तित्व को नकारा गया 2023 यह सिद्ध करता चला गया कि महिला सशक्तता किसी भी बाधा को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। मार्च, 2023 में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ़ सिविल एविएशन की रिपोर्ट बताती है कि भारतीय महिलाएं आसमान में भी सुराख कर रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में 15 प्रतिशत महिला पायलट हैं जो कि वैश्विक औसत से पांच प्रतिशत का तीन गुना है। खेल की दुनिया विशेष कर क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' मानने की परंपरा को महिलाओं ने भेद दिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियाई गेम्स 2023 में इतिहास रचा, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम ने गोल्ड मेडल जीता। यही नहीं, 2023 का अंतिम माह गवाह बना उस क्षण का जब दुनिया की दिग्गज टीमों में शुमार ऑस्ट्रेलिया को भारतीय महिलाओं ने इकलौते टेस्ट में 8 विकेट से पराजित करके ऐसा धमाका किया जिसकी गूंज क्रिकेट के इतिहास में सुनाई देती रहेगी।

इन सफलताओं की कहानी के बीच बहुत कुछ पीड़ादायक भी घटा। यौन शोषण के खिलाफ धरने पर बैठी महिला पहलवान का दुख, हताशा यह बताने के लिए काफी था कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था में उनकी लड़ाई आसान नहीं है। वहीं मणिपुर में महिलाओं के साथ जो कुछ भी घटित हुआ वह 2023 को शर्मिंदा कर गया। इस वर्ष का मार्च का महीना वह घाव दे गया जो कभी भी भरा नहीं जा सकता। उदयपुर (राज.) में दस वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसके शरीर के 10 टुकड़े कर दिए गए वहीं भीलवाड़ा (राज.) में एक मासूम बच्ची को कोयले की भट्टी में झोंकने की घटना रूह कंपा देने वाली थी। दुष्कर्म की घटनाओं से छलनी होती महिला अस्मिता, विकास के हर स्तंभ पर एक प्रश्न चिन्ह खड़ा कर देती है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न के दाग 2023 के अध्याय को कलंकित करते हैं, परंतु राहत की बात यह है कि केंद्रीय गृहमंत्री ने हाल ही में न्याय प्रणाली में सुधार के लिए 'भारतीय न्याय संहिता 2023' सहित तीन विधेयक पेश किए। भारतीय न्याय संहिता 2023 सन? 1860 की पुरानी दंड संहिता की जगह लेगी। भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रमुख शक्तियों में से एक महिला के विरुद्ध अपराधों से संबंधित प्रावधानों को दी गई प्राथमिकता में निहित है। महिला उत्पीड़न पर कड़ी सजा का प्रावधान विश्वास दिलाता है कि महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराधों पर लगाम लगेगी।

कुल मिलाकर एक मजबूत कानूनी ढांचा यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय समाज में महिलाओं को, समाज के समान सदस्यों के रूप में मान्यता दी जाए, भेदभाव और हिंसा से बचाया जाए और जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने का अधिकार दिया जाए। जी-20 'महिला नेतृत्व वाले समग्र विकास में पीढ़ीगत बदलाव का शिखर' विषय पर केंद्रित आयोजन यह स्पष्ट इंगित करता है कि आने वाला समय महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर ही केंद्रित होगा। 2023 की उपलब्धियों की पुनरावृत्ति और नाकामियों से सबक- इसी आशा के साथ 2024 को आधी दुनिया के साथ कदमताल करने की आकांक्षा है।

**लेखिका समाजशास्त्री एवं स्तंभकार हैं। यह उनके अपने विचार हैं।**

## निशाना

### ना कांपे जुबान !



फायदे की खातिर।
देते ग़लत बयान ।।
करके ऐसा उनकी।
ना कांपे जुबान ।।
हैं जनता के सेवक।
पर कैसा संदेश ?
उछल उछल कर खूब।
दे रहे उपदेश ।।
है लगाम ज़रूरी।
स्वाद भी चखाना ।।
आया कैसा काल।
कब लेंगे हर्ज़ाना ।।
बार-बार ये इस तरह।
क्यों रहे कुरेद ?
रहता दिल में काला।
पहने पर सफ़ेद ।।

– कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- **2013** - आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनायी।
- **2008**– अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और साहित्यकार प्रो. सुरेश वात्स्यायन का निधन हो गया।
- **2007** - रूस ने ईरान के बुशेहर विद्युत संयंत्र के लिए परमाणु ईंधन की दूसरी खेप खेप भेजी।
- **2003** - इस्रायल ने कज़ाकिस्तान के बैंकानूर अंतरिक्ष स्टेशन से दूसरा वाणिज्य उपग्रह छोड़ा।
- **अमेरिका** में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानी सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला लिया।
- **2002** - मशहूर फ़ैशन फ़ोटोग्राफ़र हर्वे रिट्स का लास एंजेल्स में निधन।
- **2000** - भारतीय डाक विभाग द्वारा वीरता पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में पांच डाक टिकटों के सेट में 3 रुपये का एक सचित्र डाक टिकट जारी किया गया।
- **1995** - पोलैंड के अन्वेषक मारके कार्मिस्की एक ही वर्ष में उत्तरी एवं दक्षिणी ध्रुवों पर झंडा फहराने वाले पहले व्यक्ति बने, विश्व सिनेमा का दूसरी सदी में प्रवेश।
- **1984** - श्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में जीत मिली।
- **1976** - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- **1974** - पाक में 6.3 तीव्रता के भूकंप में 5200 मरे।
- **1966** - चीन ने लोप नोर में परमाणु परीक्षण किया।
- **1957** - सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- **1950** - द पीक डिस्ट्रिक्ट ब्रिटेन का पहला राष्ट्रीय पार्क बना।
- **1942** - रॉबर्ट सुलिवन पहले पायलट बने , जिन्होंने अटलांटिक महासागर के ऊपर एक सौ बार उड़ानें भरी।
- **1928**– कोलकाता में पहली बार बोलती फ़िल्म मेलोडी ऑफ लव प्रदर्शित हुई।

# मजबूत इमारत की तामीर, भारत के प्रति विश्वास, प्रतिष्ठा और प्रभाव का नया दौर

**लॉर्ड मेघनाद देसाई**

व्यापक संभावना और भविष्य में अवसरों का अंबार। भारत के संदर्भ में यह मेरा आकलन है। सवाल है कि मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? दरअसल मैंने अपनी जिंदगी के ज्यादा हिस्से विदेशों, खासतौर पर लंदन में बिताए हैं। विश्वास मानिए, इससे पहले मैंने दुनिया के देशों में भारत के प्रति इतना विश्वास, भरोसा और इतनी प्रतिष्ठा कभी नहीं देखी। एक पंक्ति में कहूं, तो बीते करीब एक दशक में देश के विकास की ठोस नींव पड़ी है। अब इस नींव पर ठोस इमारत के निर्माण की प्रतीक्षा है।यह बदलाव बीते करीब एक दशक में दिखा है। देश में विकास दिख रहा है। तकनीकी के बेहतर इस्तेमाल, डिजिटल क्रांति के जरिये भ्रष्टाचार से लड़ाई लड़ी जा रही है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। आजादी के बाद पहली बार मोदी सरकार ने गरीब कल्याण योजनाओं को सही अर्थों में योग्य लाभार्थियों तक पहुंचाया है। इस दौरान अहम नीतिगत बदलावों के कारण देश में लालफीताशाही कम हुई है। गरीबी, भ्रष्टाचार में कमी आने के साथ देश में मध्य वर्ग का तेजी से विस्तार हो रहा है। जरूरी नीतिगत बदलावों सहित कई अहम सुधारों के कारण निवेश के मामले में दुनिया का भारत पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है। विदेशी निवेश के लिए निवेशक स्थायित्व और उलझावपूर्ण प्रक्रियाओं से मुक्ति चाहते हैं। ये सारी शर्तें बीते एक दशक में तेजी से पूरी हो रही हैं।

> हाल के समय में जो बदलाव दिखा है, उसने संभावनाओं को सुंदर कर दिया है। भारत के प्रति विश्वास, प्रतिष्ठा और प्रभाव का यह नया दौर है। वैश्विक स्तर पर संबंधों में जो अनूठा संतुलन बनाया गया है, उसकी अरब, अमेरिका और इस्राइल-यूक्रेन के हवाले से तस्दीक होती है।



आप भारत में ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता को आंक सकते हैं। विविधताओं से भरा बड़ा देश होने के कारण भारत में मुद्दों की भरमार है। मणिपुर, सांसदों के निलंबन सहित कई घटनाओं के कारण दुनिया की निगाहें भारत की ओर इस दृष्टि से भी घूमती हैं, मगर दूसरा पक्ष यह है कि प्रधानमंत्री मोदी पर मतदाताओं का भरोसा बदस्तूर कायम है। यह भरोसा कई कारणों से है। मोदी सरकार राष्ट्रवादी सोच वाले मतदाताओं के साथ-साथ दशकों तक विकास के हाशिये पर रहे वर्ग का भी भरोसा बनाए रखने में सफल रही है। मुझे नहीं लगता कि आने वाले आम चुनाव में कांग्रेस या उसकी अगुवाई में बना गठबंधन उनके लिए कोई चुनौती पेश कर पाएगा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद कांग्रेस का जोश चला गया है और उसके सहयोगी दलों में भी कोई ऐसा नेता नहीं है, जो मोदी को दूर-दूर तक चुनौती देने की स्थिति में हो। फिर बात भाजपा के प्रबंधन की भी है। पार्टी पूरी तरह से अनुशासित है और कार्यकर्ता मोदी के व्यक्तित्व के प्रति पूरी तरह से वशीभूत हैं।

साल 2014 में केंद्र में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही भारत के राजनीतिक हलके में मोदी सरकार के संदर्भ में भारत के दूसरे देशों से रिश्तों पर लगातार कयासबाजी हुई है। कूटनीति के क्षेत्र में भी भारत बेहतरीन संतुलन बनाने में कामयाब हुआ है। उदाहरण अरब देशों के साथ ही अमेरिका और पश्चिम देशों से भारत के वर्तमान रिश्ते हैं। हमारे सामने रूस-यूक्रेन युद्ध के साथ इस्राइल-फलस्तीन तनाव में भारत की भूमिका का उदाहरण है। विदेश नीति में भारत अपनी जरूरतों को पहली बार डंके की चोट पर वरीयता दे रहा है। भारत की ओर से वैश्विक मुद्दों पर मजबूती से अपना पक्ष रखने और उस पर आगे बढ़ने के बावजूद न तो पश्चिमी देशों से उसके रिश्ते खराब हो रहे हैं और न ही इस्लामी देशों की रीति-नीति तय करने वाले अरब देशों से। बेहतरीन कूटनीतिक रणनीति मोदी सरकार के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद कश्मीर मामले में भी दिखी। सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 खत्म कर दिया। राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया। बावजूद इसके इस फैसले के कारण अरब देशों से भारत के रिश्ते प्रभावित नहीं हुए। उल्टे कुछ अरब देशों ने कश्मीर में निवेश का फैसला लिया।

अब बदली परिस्थितियों में एक तबके को लगता है कि कनाडा में खालिस्तानी आंदोलन का प्रतिनिधित्व करने वाले निज्जर की हत्या और अमेरिका में इसी आंदोलन से जुड़े भारत द्वारा आतंकी घोषित किए गए पन्नू की हत्या की साजिश का मामला सामने आने के बाद भारत के पश्चिमी देशों से रिश्ते प्रभावित होंगे। हालांकि मुझे लगता है कि ऐसा कुछ नहीं होने वाला। कनाडा की गंभीर आपत्तियों को उसकी अपेक्षा के अनुरूप बल नहीं मिल रहा, जबकि पन्नू मामले में भारत और अमेरिका, दोनों द्विपक्षीय रिश्तें में आंच नहीं आने देने के लिए सतर्क नजर आ रहे हैं। हां, एक नया सवाल देश में लोकतंत्र के कथित तौर पर कमजोर होने का है। यहां समस्या दूसरी है। भारत की बहुसंख्यक आबादी ने होश संभालने के बाद ढाई दशक तक लचीला रुख अपनाने वाली गठबंधन की सरकारों का दौर देखा है। जबकि हकीकत यह है कि भारत में बहुमत की सरकारें इसी अंदाज से चलती हैं। मसलन, प्रचंड बहुमत वाली इंदिरा सरकार के दौरान आपातकाल जैसी घटना हुई। राजीव सरकार के कार्यकाल में अल्पसंख्यक महिला शाहबानो को गुजारा भत्ता देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संसद के जरिये पलटा गया। कुछ लोग शीतकालीन सत्र में बड़ी संख्या में सांसदों के निलंबन को ऐसी घटनाओं से जोड़ कर देख रहे हैं। चूंकि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के बावजूद यहां लोकशाही का सफर अभी शैशव काल में ही है। ऐसे में इस दिशा में हालात बदलने के लिए हमें कुछ दशकों तक और इंतजार करना होगा।

**(साभार-लेखक, भारत में जन्मे ब्रिटिश अर्थशास्त्री हैं। लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स के एमेरिटस प्रोफेसर।**

# दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आरटीओ ने लगाए ट्रैक्टर्स में रेडियम



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के दिशा निर्देशानुसार तथा सड़क सुरक्षा बैठक में लिए गए तय नियमानुसार आरटीओ श्रीमती निशा चौहान समस्त विभागीय जांच दल के साथ नर्मदापुरम अनाज मंडी पहुंची, मंडी परिसर में खड़े अनाज भरे ट्रैक्टर मालिकों को बुलाकर सभी को नियमानुसार ट्रैक्टर चलाने, सभी रजिस्टर्ड वाहनों में सामने तथा पीछे की ओर नंबर प्लेट लगाने, रात्रिकालीन व कोहरे में दुर्घटनाओं से बचाव हेतु आवश्यक रूप से रेडियम लगाने, गाड़ी को बिना बीमा संचालित न करने की हिदायत दी गई, आरटीओ टीम द्वारा मंडी परिसर में खड़े लगभग 70 ट्रैक्टरों में रेडियम लगाया गया तथा आगे से बिना नियमों के चलने पर चालानी कार्यवाही की चेतावनी दी गई, आरटीओ श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि ट्रैक्टरों में रेडियम लगाने का कार्य जांच दल द्वारा लगातार जारी रहेगा तथा वाहन मालिकों से नियमानुसार वाहनों को संचालित करने के लिए लगातार जांच टीम द्वारा वाहनों को जांचा तथा चालानी कार्यवाही की जाएगी, इस कार्यवाही में आरटीओ श्रीमति निशा चौहान के साथ संपूर्ण विभागीय जांच दल शामिल रहा।

### स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली

# भारत संकल्प यात्रा: डॉ. शर्मा ने योजना में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा सुचारू रूप से जारी है। संकल्प यात्रा के तहत हर पात्र व्यक्ति को चिन्हित कर योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंची। जनपद नर्मदापुरम के ग्राम ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉ शर्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरणकिए. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।




ग्राम ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि, स्वास्थ्य, पेंशन, श्रम, पंचायत, राजस्व इत्यादि विभागों द्वारा योजनाओं संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। जहां ग्रामीणों ने योजना से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और आवेदन भी लिए गए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना , इत्यादि विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपनी सफलता की कहानी भी बयां की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विकसित भारत के संकल्प की शपथ ली।

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ऊंद्राखेड़ी और ब्यावरा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत चापड़ाग्रहण और भेंसादेह, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरपन और पारखी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर और पांडुखेड़ी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया रणधीर और निभौरा, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत बिक्रोरी और मुड़ियाखेड़ी में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कलमशेरा और निमनमुढ़ा में संकल्प यात्रा पहुंची यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

28 दिसंबर को नर्मदापुरम जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत निटाया और पवारखेड़ा में, सिवनीमालवा अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर और बिसोनीकला, जनपद पिपरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कन्हावार और सिंघोड़ी, जनपद केसला अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुरकला और पांडरी, जनपद बनखेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमखेड़ा और कलगवों, जनपद माखननगर अंतर्गत ग्राम पंचायत आरी और बज्जरवाड़ा में तथा जनपद सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपुर और शोभापुर में संकल्प यात्रा पहुंचेगी।

# नकली पुलिसकर्मी ने बुजुर्ग से लूटी सोने की अंगूठी

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



बुधवार को दिनदहाड़े दो बुजुर्ग के साथ ठगी की वारदात को अंजाम देकर आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए नगर में एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थान पर बदमाशों ने नक्कली पुलिसकर्मी बनकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पहली घटना कल्लू चौक पर खड़े रिटायर्ड शिक्षक शंकरलाल तिवारी के साथ हुई। नकली पुलिस कर्मी ने शंकरलाल को धोखा देकर सोने की अंगूठी लेकर चंपत हो गए। दूसरी घटना एक निजी अस्पताल में आए बुजुर्ग महेश राठौर के साथ हुई, हालांकि उनके चिल्लाने पर लुटेरे चेन और अंगूठी छोड़ भाग गए।

मारुति मंदिर के पास रहने वाले रिटायर्ड शिक्षक श्री तिवारी ने बताया जब वे कल्लू चौक से घर जा रहे थे तभी एक गाड़ी से दो युवक उतरे। उन्होंने कहा एक बदमाश एक बुजुर्ग से सोने की अंगूठी और चेन लेकर भाग गया है। उसकी जांच करने बड़े साहब आगे खड़े हैं, इसलिए आप अपनी अंगूठी निकाल लो। युवकों ने बुजुर्ग शिक्षक के हाथ से अंगूठी लेकर कागज में बांधी और कागज की पुड़िया बदलकर दे दी। शिक्षक ने घर जाकर पुड़िया खोली तो उसमें कंकड़-पत्थर थे। इसी प्रकार निजी अस्पताल में बुजुर्ग महेश राठौर को युवकों ने बाहर बुलाया और कहा एक चोरी हुई है। आप अंगूठी और चैन बताओ। बुजुर्ग ने अंगूठी और चैन निकालकर युवकों को बताई युवक भागने लगे इतने में बुजुर्ग चिल्लाया। भीड़ देखकर बदमाश चेन और अंगूठी फेंककर भाग गए। थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती ने बताया रिटायर्ड शिक्षक शंकर लाल तिवारी की शिकायत पर केस दर्ज किया है। आरोपियों की फोटो सीसीडी केमरे में कैद हो गई है शीघ्र ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

## अतिक्रमण हटाया गया



नर्मदापुरम। कायाकल्प योजना अंतर्गत वार्ड क्रमांक- 5 में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई. इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ नवनीत पांडे सहित प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहायक शिक्षा संचालक ने किया स्कूल का निरीक्षण



**सिवनी मालवा।** जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम शत्रुघ्न प्रताप सिंह बिसेन के निर्देशानुसार सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती सुनीता वाधवा ने विकासखंड सिवनी मालवा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरनखेडा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया श्रीमती वाघवा ने दोनों स्कूलों में कक्षा 10 बी एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम पूर्ण होने की जानकारी ली इस वर्ष कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षाएं नहीं हो रही है उसके स्थान पर कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विषय वार अभ्यास प्रश्न पत्र हल कराए जाएंगे सहायक संचालक द्वारा छात्र उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए गए उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में नोटिस जारी किए जाएं तथा पालकों से सतत संपर्क किया जाए निरीक्षण के समय संकुल प्राचार्य राकेश साहू एवं सोमलवाडा प्राचार्य राममोहन रघुवंशी तथा स्टाफ के सदस्य राजेश देवडिया, अखिलेश यादव शिव शंकर चौधरी सबल सिंह सोलंकी योगेंद्र मालवीय श्रीमती सुनीता राजपूत शिखा रघुवंशी सुबोध कुमार शुक्ला ऑपरेटर अर्पित कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

# कॉलेज में नवाचार: विद्यार्थियों को ओएमआर शीट का प्रशिक्षण

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा देने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार रघुवंशी ने बताया कि पिछली परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम में यह पाया गया है कि स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थी जब पहली बार आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा ओएमआर शीट के माध्यम से देते हैं तो वे ओएमआर शीट में गलत प्रविष्ठि कर देते हैं जिस कारण से मशीन उनकी ओएमआर शीट चेक नहीं करती है और उन्हें पूरक आ जाती है। विद्यार्थियों की इस



आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय द्वारा स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ओएमआर शीट के माध्यम से परीक्षा देने का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ए के यादव तथा

भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अतुल गौर ने आज बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को यह प्रशिक्षण प्रदान किया। इस हेतु सर्वप्रथम स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से ओएमआर शीट भरने की प्रक्रिया समझाई गई एवं इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए ओएमआर आधारित मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। इस अवसर पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर ए के यादव, श्रीमती सुमन यादव, प्रशांत चौरसिया, रोहित मालवीय सहित समस्त स्टाफ एवम् स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजित होंगी गतिविधियां

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ

**जिला पंचायत सीईओ ने की समीक्षा**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी में नए वर्ष के आगाज पर पर्यटकों को नया अनुभव और रोमांच देने के लिए 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न पर्यटन संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

बुधवार को सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत ने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आवंटित गतिविधियों का बेहतर ढंग से आयोजन करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। सीईओ श्री रावत ने पचमढ़ी उत्सव के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों की सभी सुसंगत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पचमढ़ी महोत्सव कार्यक्रम पचमढ़ी में 29 दिसम्बर से 1 जनवरी तक मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया है कि 29 दिसम्बर को शाम 6.30 बजे से हाट बाजार पचमढ़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ पचमढ़ी उत्सव का शुभारंभ होगा। इसके साथ विभिन्न गतिविधियों के क्रम में 29 से 31 दिसम्बर तक शाम 6.30 बजे से रात्रि 11 बजे तक पारम्परिक एवं आर्गेनिक फूड फेस्टिवल की हाटबाजार पचमढ़ी में आयोजित किया जायेगा। इसी अवधि में अर्थात 29 से 31 दिसम्बर तक हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक स्टार गेजिंग, 30 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से पचमढ़ी रन का आयोजन हाईस्कूल ग्राउंड से प्रारंभ किया जाएगा, पचमढ़ी रन बस स्टेंड, ओल्ड होटल तिराहा रीछगढ़रोड, धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जय स्तंभ हाटबाजार पचमढ़ी तक आयोजित होगी। 30 दिसम्बर को माढ़ादेव पचमढ़ी रोड धूपगढ़ चौराहा, रेशम केन्द्र म्यूजियम, जयस्तंभ हाटबाजार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रॉक आर्ट पेंटिग वॉक आयोजित होगी।शासकीय पोलो उद्यान पचमढ़ी में प्रातः 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक बर्ड वाचिंग पोलो गार्डन ट्रेल का आयोजन होगा।


30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक चंपक लेक के पास से फुटहिल रोड तक नेचर वॉक, इसी अवधि अर्थात 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 7 बजे से प्रातः 10 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में योगा, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक संगम जल प्रपात एवं चौरागढ़ पचमढ़ी में ट्रेकिंग, 30 एवं 31 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक बायसन लॉज जयस्तंभ राजभवन चर्च में हैरिटेज वॉक, 30 दिसम्बर को हाटबाजार पचमढ़ी में शाम 6.45 बजे से आर्मी बेंड की प्रस्तुति, 30 दिसम्बर को शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सूर्य नमस्कार पार्क पचमढ़ी में जुम्बा, 31 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हाटबाजार चर्च केंट आफिस पुलिस थाना ओल्ड होटल हवाई पट्टी रीछगढ़ संगमटूर राजेन्द्र गिरी नालंदा टोला हाटबाजार तक पचमढ़ी ऑन सायकिल, 31 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक वटर फ्लाई पार्क पचमढ़ी में बटर फ्लाई पार्क एक्टिविटी, 31 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक सूर्यनमस्कार पार्क पचमढ़ी में न्यू ईयर सेलिब्रोशन, 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को रात्रि 6 बजे प्रातः 8 बजे तक पचमढ़ी झील पर बोन फायर नाईट कैंपिंग, नाईट ट्रेकिंग, 1 जनवरी 2024 को प्रातः 6 बजे से प्रातः 8 बजे तक धूपगढ़ पचमढ़ी में वर्ष का पहला सूर्योदय, 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक हाट बाजार पचमढ़ी में पचमढ़ी फिल्म फेस्टिवल एवं 30 दिसम्बर से 1 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक गोल्फ ग्राउंड पचमढ़ी में गोल्फ कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



**मेट्रो एंकर** — हेपेटाइटिस बीमारी से बचाव के लिए आस-पास साफ-सफाई रखें

# हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोगों में क्रोनिक बीमारी का कारण

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**



हेपेटाइटिस लीवर से जुड़ी बीमारी जो वायरल इंफेक्शन के कारण होती है। इस बीमारी में लीवर में सूजन आ जाती है, हेपेटाइटिस में पांच प्रकार के वायरस होते है। जिसमें हेपेटाइटिस एबीसीडी और ई इन पांचों वायरस को गंभीरता से लेना चाहिये।आस-पास साफ-सफाई और हाइजिन प्रोटोकाल का पालन करके इस बीमारी को कमतर किया जा सकता है। इसके साथ ही जन्म के बाद बच्चों को हेपेटाइटिस की वैक्सीन लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके कारण हेपेटाइटिस महामारी जैसी बनती जा रही है और हर साल इसकी वजह से होने वाली मृत्यु के आंकड़े भी बढ़ते जा रहें है।

हेपेटाइटिस का टाइप बी और सी लाखों लोंगो में क्रोनिक बीमारी का कारण बन रहें है, क्योंकि इनके कारण लीवर में सिरोसिस और कैंसर होते है। हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता पैदा करने और जन्म के बाद बच्चे को वैक्सीन देकर उसे हेपेटाइटिस से बचाया जा सकता है। हेपेटाइटिस-सी, एचसीव्ही के कारण होता है और जैसे प्रदूषित खाना, प्रदूषित पानी के कारण भी होता है। हेपेटाइटिस के लक्षण पीलिया, बहुत अधिक थकान, पेट में दर्द, सूजन, खुजली, भूख न लगना, अचानक से वजन कम होना आदि लक्षण होने पर हेपेटाइटिस बी और सी की रोकथाम के संक्रमण को रोकने के लिये सभी शासकीय संस्थाओं पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिये। हेपेटाइटिस के लक्षण होने पर जिला चिकित्सालय में निःशुल्क जांच एवं उपचार लें, जिससे इस बीमारी से बचा जा सकता है।

## मलेरिया से बचाव के लिये मलेरिया ऑफ 200 का क्रियान्वयन

**सीहोर ।** मलेरिया से बचाव के लिये आयुष विभाग द्वारा होम्योपेथी रोग प्रतिरोधक दवा मलेरिया ऑफ 200 कावितरण किया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में मलेरिया रोग की रोकथाम के लिये विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग भी सहभागी है। इस वर्ष जुलाई माह में होम्योपेथी की 3 खुराक का वितरण पूरे जिले में किया गया। प्रारंभ में वहां पर विशेष ध्यान दिया गया जहां मलेरिया रोग का प्रकोप ज्यादा रहता है। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध करने पर यह बात सामने आई की मलेरिया ऑफ 200 के क्रियान्वयन से मध्यप्रदेश को मलेरिया मुक्त किया जा सकता है। जिन क्षेत्रों में होम्योपेथी की मलेरिया ऑफ 200 की दवा का वितरण किया गया है वहां मलेरिया एनुअल परजीवी इंडेक्स 65 से 80 प्रतिशत तक कम हुआ है।स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एम्बेड परियोजना के जरिये जनजातीय क्षेत्रों में मलेरिया के रोकथाम के लिये नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। मच्छरों की रोकथाम के लिये गड्डों और नाली में फिनाइल का छिड़काव किया जा रहा है। जिले में करीब 200 युवा परियोजना के साथ जुड़कर मच्छर निरोधी दस्ते के रूप्में कार्य कर रहे हैं।



### कब्रिस्तान, श्मशान घाट में लाइन डलवा कर सड़क को किया चौड़ा

# एसडीएम, एसडीओपी ने खड़े होकर हटवाया अतिक्रमण चला बुलडोजर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



सीएम बदलने के बाद अधिकारियों के रवैया में भी परिवर्तन देखने को मिल रहा है।शहर वासियों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस , प्रशासन के द्वारा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए मुख्य मार्गों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। पहले अधिकारी प्यार से बात करते हैं जो नहीं मानता है उसको प्रशासन के अधिकारी इस की भाषा में जवाब देकर चुप कर देते हैं। इस तरह की कार्रवाई की प्रशंसा भी नगर के लोग कर रहे हैं यह कार्रवाई विधायक उमाकांत शर्मा की सहमति पर ही प्रशासन कर पा रहा है। ठोस कार्रवाई होने से अतिक्रमण धारियों के हौसलों को भी पस्त करने का काम किया जा रहा है। इस तरह की कार्रवाई पहली बार पुलिस और प्रशासन के द्वारा संयुक्त रूप से लंबे समय के बाद हो रही है कुछ कार्रवाई तो पहली बार होती हुई दिख रही है।

दोपहर के बाद अधिकारी पहुंचे अमले को लेकर इन्होंने यहां पर पूरे समय खड़े होकर अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया तब जाकर काम हो पाया खड़े होकर अतिक्रमण धारियों के टपरे और गुमठियां जेसीबी की सहायता से हटाने का कार्य करवाया कुछ लोग खुद अपना सामान लेता है तो वह नजर आए।साथ ही यहां मार्गों को चौड़ा करवाने का काम भी जो बरसों पहले होना था वह काम अब हो रहा है। एसडीएम ने बताया कि सभी चौराहों के रास्ते चौड़े हो जाएंगे इसके लिए हम अतिक्रमण हटाकर कम कर रहा है । रास्ते सक्रिय होने के कारण जाम की समस्या होती थी वह भी सड़क चौड़ी होने से खत्म हो जाएगी वहीं कब्रिस्तान की तरफ भी सड़क को चौड़ा किया गया मोड को भी चौड़ा किया गया यहां भी चूने की लाइन डलवा कर



पहली बार प्रशासन दिख रहा है असली रूप में

रास्ता क्लियर किया गया पहले बाउंड्री वॉल रोड से लगकर बनाई थी इस वजह से यहां पर समस्या उत्पन्न होती थी फिर एसडीएम ने तत्परता दिखाते हुए यहां की नापतोली कराकर इस मार्ग को भी चौड़ा करवाया दूसरी ओर शमशान घाट तरफ भी हो रहे अतिक्रमण पर जेसीबी चलाकर उसको हटवाया फिर चूने की लाइन डलवा कर यहां भी चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ करवाया यहां पर राखी गुमठियों को नगर पालिका प्रशासन के अमले ने हटाने का काम किया जो नहीं उठा रहा था उसके अतिक्रमण पर जेसीबी चलाने का काम किया जा रहा था इसी लोह पीठों के टपरो को हटवाने की मांग कब्रिस्तान वालों ने राखी तो एसडीएम एसडीओपी ने उनको भी हटवा दिया उनके घरों के अंदर रखे सामान को भी बाहर निकाल कर प्रशासन ने रख दिया। इस काम को नगर पालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू ने हटवाया देर रात का यहां पर जेसीबी से अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई होती रही पहली बार अतिक्रमण धारी पर हो रहीं हैं ।

## एसडीएम,एसडीओपी ने खड़े होकर निकल समाधान

एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश त्रिपाठी भारी महकमें की मौजूदगी में बुधवार को अतिक्रमण धारी पर जहां जेसीबी चलवाई। वहीं बासौदा नाके पर जो समस्या बरसों से उत्पन्न हो रही थी उसको दूर करवाने का काम किया दोनों तरफ नापतोली करके सड़क और मोड को चौड़ा करवाया यह काम होने से यहां की बरसों पुरानी समस्या भी दूर हो गई। कब्रिस्तान की तरफ रास्ता चौड़ा करने के लिए कई बार नापा तोली भी प्रशासन को करनी पड़ी तब जाकर एसडीएम के कड़े तेवर के बाद यह काम हो पाया क्योंकि अतिक्रमण होने के कारण यहां से सड़क चौड़ी नहीं हो पा रही थी श्मशान घाट तरफ तो काम हो सकता था पर कब्रिस्तान तरफ करना कठिन था जो एक उल्लेखनीय काम दोनों अधिकारियों के लिए रहा इनकी है कार्रवाई वर्षों तक याद की जाएगी।

## लिंक रोड पर लगाएंगे डिवाइडर

लिंक रोड की सड़क को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए एक किलोमीटर तक डिवाइडर लगाने का काम भी किया जाएगा इसके बाद सड़क की सुंदरता और बढ़ जाएगी।

## बिजली के पोलों को भी किया जाएगा शिफ्ट

लिंक रोड की बन रही सड़क पर चौड़ीकरण का फायदा भी होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। इसलिए जो भी खंबे सड़क के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे हैं। उनको कटवा कर दूसरे बिजली के पोल खड़े किए जाएंगे जिससे कि सड़क चौड़ीकरण का फायदा हो इसके लिए भी एसडीएम ने प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं जल्दी ही धरातल पर काम प्रारंभ हो जाएगा।

### इनका कहना है

*अतिक्रमण को हटाकर बासौदा नाके के दोनों जोड़ों को चौड़ा किया जा रहा है । इससे कि यहां पर यातायात जो बाधित होता है वह नहीं होगा शहर के जितने भी चौराहे हैं वहां पर अतिक्रमण हटाकर मार्गों को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है । निष्पक्ष रूप से करवाई एक तरफ से हो रही है हमारी करवाई आगे भी जारी रहेगी।*

**हर्षल चौधरी**, एसडीएम सिरोंज

# मनमर्जी से वाहन खड़े होने से, लिंक रोड पर लगा जाम



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

काया कल्प योजना के तहत लिंक रोड की सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। इस रास्ते पर लापरवाही से वाहन खड़े किए जा रहे हैं इस कारण जाम के हालात दिनभर बन रहे हैं। कुछ वाहन चालक तो ऐसे भी हैं जिनके द्वारा बीच सड़क अपने वाहन खड़े कर दिए जाते हैं । सड़क चौड़ी होने के बाद भी सकरी हो रही है दोपहर के समय मार्ग पर जाम की समस्या लापरवाही से वाहनों से खड़े होने के कारण निर्मित हो गई ।इस वजह से काफी देर तक वाहन चालक परेशान होते रहे पैदल निकलने की जगह भी नहीं मिल रही थी बड़ी मुश्किल से लोग जाम से दो चार होकर निकलते हुए नजर आए इस दौरान यातायत पुलिस कहीं भी नजर नहीं आ रही थी लापरवाही से वाहन खड़े करने वालों पर यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा चालानी कार्रवाई करनी होगी तभी इस तरह से वाहन खड़े होन बंद होंगे नहीं तो इनकी मनमर्जी जारी रहेगी कुछ दुकानदार भी अपने वाहन सड़क के आगे खड़े कर देते हैं ऐसे दुकानदारों पर भी लगाम लगानी होगी।

### इनका कहना है

ऐसे वाहन चालकों को हम कई बार समझाएं दे चुके हैं अब नहीं मान रहे हैं तो हम चालानी कार्रवाई करेंगे।

**संदीप पवार** थाना प्रभारी सिरोंज ।

### बीएमओ बोले- अवैध रूप से चल रहा था केंद्र

# सिरोंज के निजी अस्पताल में मरीज की मौत: स्टॉफ सरकारी अस्पताल में छोड़कर भागा

## फर्जी अस्पतालों का संचालन, मरीजों की मौत पर विराम नहीं




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शहर के अनेक हिस्सों में अवैध अस्पतालों की भरमार लगी हुई है। ऐसे अस्पताल बेखौफ होकर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। अस्पताल माफियाओं का मकड़जाल इस तरह फैला हुआ है कि विभाग भी नतमस्तक है। आए दिन अस्पतालों में मरीज के गलत उपचार और प्रसूताओं की मौत हो रही है। इन अस्पतालों में शासन द्वारा निर्धारित मानक भी पूरा नहीं है विभाग द्वारा नियमित जांच व शिकायत पर कोई कठोर कार्रवाई नहीं होने से शहर से लेकर अनेक क्षेत्रों में ऐसे अस्पताल लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। सिरोंज शहर के निजी अस्पताल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। फर्जी डॉक्टर से इलाज के दौरान यह किसी मरीज की पहली मौत नहीं है।

सिरोंज के संजीवनी अस्पताल में भर्ती मरीज की बुधवार रात मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने परिजनों को जानकारी नहीं दी। वे मरीज के शव और उसके परिजनों को कार में बैठाकर सिरोंज के सरकारी अस्पताल में छोड़कर चले गए। यहां डॉक्टर ने मरीज को मृत घोषित कर दिया।

अहमदाबाद खिल्ली गांव के रहने वाले हरनाथ सिंह अहिरवार को सीने में दर्द होने के बाद मंगलवार शाम करीब 7 बजे भर्ती किया गया था। हरनाथ का बेटा रवि उनके साथ आया था। रवि ने बताया कि संजीवनी अस्पताल में भर्ती करने के बाद हरनाथ का इलाज शुरू हुआ। उन्हें इंजेक्शन दिया गया। स्टाफ ने बॉटल भी लगाई। कुछ मशीनों से जांच की। करीब चार से पांच घंटे बाद रात 10 बजे डॉक्टर पिताजी की छाती जोर-जोर से दबाने लगे। मैं पिताजी के पास खड़ा था। स्टाफ ने मुझसे कहा कि ऑटो बुला लो। मैं ऑटो की तलाश में बाहर आया। यहां मुझे कुछ साधन नहीं मिला, जिसके बाद अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ अपनी गाड़ी में बैठाकर हमें सिरोंज के सरकारी अस्पताल ले आए। यहां हमें छोड़कर भाग गए। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर ने मुझे बताया कि आपके पिता की काफी देर पहले मौत हो चुकी है।

### इनका कहना है

*हरनाथ का इलाज बाहर निजी अस्पताल में हुआ था हमारे अस्पताल मैं आने से पहले उनकी मौत हो चुकी थी पोस्टमार्टम से पता चला क्या कार्डियक अरेस्ट से उनकी मौत हुई है बीएमओ ने बताया कि जिस अस्पताल में मरीज को लेकर गए थे उस अस्पताल की जांच चल रही है।*

**डॉक्टर विकास सिंह**, बीएमओ

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक हरिसिंह सप्रे ने बिजली कंपनी के कर्मचारियों की लगाई क्लास

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**





बुधवार को ग्राम पंचायत महादेव खेड़ी और खुजा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, जिला पंचायत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के सभापति प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्या अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं लाभ देने का है। साथ ही जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिला है ऐसे हितग्राहियों द्वारा उनके अनुभव भी कार्यक्रम के दौरान साझा किए जाते हैं जिससे कि लोगों को प्रेरणा मिल सके।

वही विगत एक हफ्ते से चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रमों में विभाग प्रमुखों की सहभागिता नहीं हो रही थी जिसको लेकर मिडिया ने विगत दिनों पूर्व प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थी। जिसमें यात्रा के दौरान बिजली विभाग की सबसे अधिक शिकायतें आई थी और विभाग के प्रमुख अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। ऐसा ही मामला बुधवार को महादेव खेड़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देखने को मिला जहां पर कई ग्रामीण बिजली की शिकायत लेकर पहुंचे थे लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी कुछ देर तक मंच पर नहीं पहुंचे इसके बाद नाराज विधायक ने अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि कई दिनों से लगातार बिजली विभाग की शिकायतें आ रही है, इसके अलावा कई विभाग प्रमुख संकल्प यात्रा में शामिल नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण सरकार की मनसा अनुरूप लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने अधिकारियों की शिकायत को लेकर कलेक्टर को भी पत्र लिखने की बात कही। वहीं उन्होंने मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि एक समय था जब शासन की योजनाओं के लिए लोग तरसते थे और आज शासन की योजना घर-घर तक पहुंच रही है आज उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मन निधि, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, मुफ्त में राशन जैसी अनैक योजनाओं के माध्यम से लोगों के घर-घर तक लाभ पहुंचाने का कार्य मोदी सरकार के माध्यम से निरंतर जारी है। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग गांवों में पहुंचकर भ्रम फैला रहे हैं कि सरकार योजना कई योजना बंद करेगी। लेकिन ऐसा नहीं है हमारे मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की सरकार द्वारा पूर्व की समस्त योजनाएं ऐसे ही निरंतर जारी रहेगी कोई भी योजना बंद नहीं होगी वहीं उन्होंने अफसरों से कहा कि किसी भी योजना में तालमटोल नहीं चलेगा। पात्र हितग्राही परेशान ना हो शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## बिजली विभाग के अलावा अन्य विभागों पर भी बरसे विधायक

वही संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री सप्रे ने बिजली विभाग के अलावा अन्य विभाग प्रमुखों की भी क्लास लगाई। नल जल योजना की समस्या को लेकर उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि नल जल योजनाओं की निगरानी स्वयं जिम्मेदार अधिकारी करें, यदि कहीं से भ्रष्टाचार की शिकायत आती है तो ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई होगी ठेकेदार के साथ-साथ विभाग प्रमुख की जिम्मेदारी भी तय होगी इसलिए सभी विभाग प्रमुख ध्यान से सुन ले जिस विभाग की शिकायत आती है। उस विभाग के अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी इसके लिए सरकार पहले से ही तय कर चुकी है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने हितग्राहियों से चर्चा की एवं एक-एक हितग्राही की समस्या जानी और अधिकारियों को समस्याओं पर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

## योजनाओं की दी गई जानकारी, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया पुरस्कृत

विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल-जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सिकलसेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, छात्रवृत्ति योजना, वन अधिकार पट्टा, व्यक्तिगत एवं सामूहिक वन धन विकास केन्द्र आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। तो चाय स्वास्थ्य शिविर, टीबी परीक्षण, जनजातीय क्षेत्रों में सिकलसेल एनीमिया परीक्षण, पीएम उज्ज्वला नवीन पंजीयन, मेरा भारत स्वयंसेवक पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन, आधार अपडेशन, बैंक लोन, पीएम स्वनिधि आदि के स्टॉल लगाया गए। हितग्राहियों ने विभागीय अधिकारियों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पहुंचकर अपनी समस्या सुनाई। वही उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों, पंचायत कर्मियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोगों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण कर हर पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया।

**मेट्रो एंकर** | मशीन को तहसील लाने के लिए देर रात को एसडीएम के निर्देश

# अवैध खनन करते हुए पकड़ी, जेसीबी मशीन को तीसरे दिन लाने के प्रयास किए तेज

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार की रात्रि में बरेड ग्राम के पास में अवैध रूप से उत्खनन होने की सूचना मिले पर एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पोकलेन मशीन को जप्त किया था पर पोकलेन मशीन संचालक के द्वारा उसके फ्यूज निकाल लिए थे। इस वजह से मशीन चालू नहीं हो रही है । तीसरे दिन बुधवार को मशीन को तहसील कार्यालय लाने के लिए देर रात को एसडीएम के निर्देश पर बड़ी क्रेन की सहायता से ट्राले में लोड करके तहसील कार्यालय लाने के प्रयास किया जा रहे थे। देर रात तक मशीन आ सकती है । सोमवार को रात में 12 बजे प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पोकलेन मशीन को अवैध रूप से शासकीय जगह में मुरम खोदते हुए जप्त किया था पर मशीन को रात में नहीं ला पाए थे। तीन दिनों से पुलिस की अभिरक्षा में मशीन वहीं पर खड़ी हुई है। खबर लिखे जाने तक मशीन को लोड करके तहसील कार्यालय लाने के प्रयास चल रहे थे, देर रात तक मशीन आने की उम्मीद है ।



### इनका कहना है

*क्रेन की सहायता से सहायता से पोकलेन मशीन को बड़े ट्राले में लोड करवाया जा रहा है। लोड होने में परेशानी हो रही है पर मशीन को कार्यालय लाया जाएगा ।*

**हर्षल चौधरी** ,एसडीएम सिरोंज


## आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा
## प्रशासन अकादमी मध्यप्रदेश, 1100 क्वाटर्स, भोपाल
## दूरभाष क्रमांक - 0755-2445044

क्रमांक/ /अका/संपदा/2023-24 भोपाल, दिनांक

### :: तृतीय अल्पकालिक निविदा सूचना::

आर.सी.व्ही. पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा समरूप कार्य में अनुभवी एवं ख्याति प्राप्त एजेंसियों से द्वि-निविदा प्रणाली में ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अकादमी भवनों में स्थापित 300 नाग स्प्लीट एसी उपकरणों के वार्षिक संधारण (CAMA) का कार्य। | 45 लाख | 2,25,000/- | 600/- | 36 माह |

टीपः- विस्तृत निविदा प्रपत्र अकादमी की वेबसाइट www.academy.mp.gov.in पर सिर्फ अवलोकना हेतु उपलब्ध है।

निविदा प्रपत्र ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.mptenders.gov.in पर दिनांक 27.12.2023 को सुबह 10.00 बजे से ऑनलाईन क्रय मूल्य जमा कर क्रय किये जा सकते हैं। ई-निविदा दिनांक 02-01-2024 को सुबह 10.00 बजे से दिनांक 11.01.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक ऑन लाईन जमा किये जा सकते है। तकनीकी निविदा दिनांक 12.01.2024 अपरान्ह3.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेंगे।किसी भी प्रकार का संशोधन निविदा के संबंध में किसी शंका-समाधान के लिये प्री-बिड बैठक दिनांक 01.01.2024 दोपहर 12.00 बजे अकादमी बोर्ड रूम कक्ष क्रमांक जी-30 में आयोजित की गई है।

**संचालक**
**आरसीव्हीपी नरोन्हा**
**प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी**
**मध्यप्रदेश भोपाल**

G-22329/23

# ओलंपिक क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु में लगेगा महिला हॉकी का शिविर, रांची में भी 13 जनवरी से होने हैं मैच

**मुंबई, एजेंसी**

ओलंपिक क्वालिफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। ओलंपिक क्वालिफायर और हॉकी फाइव्स विश्व कप की तैयारी के लक्ष्य के साथ भारत की 34 खिलाड़ी बुधवार से यहां सीनियर महिला हॉकी कोचिंग शिविर में हिस्सा लेंगी। स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट में मेजबान के अलावा बेल्जियम, जर्मनी और आयरलैंड से भिड़ने के बाद भारतीय खिलाड़ियों को ब्रेक मिला था और अब वे शिविर में हिस्सा लेंगी।

ओलंपिक क्वालिफायर रांची में 13 से 19 जनवरी तक होने हैं जिसमें भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और अमेरिका के साथ रखा गया है। पूल ए में जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। भारत ने रांची में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था और अब वे इसी मैदान पर लय जारी रखने के इरादे से उतरेंगे। भारत की मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा, पांच देशों का टूर्नामेंट ओलंपिक क्वालिफायर से पहले तैयारियों को परखने का अच्छा मौका था। हमने उन क्षेत्रों की पहचान की है जहां सुधार की गुंजाइश है और शिविर के दौरान इन पर काम करेंगे।



## ओमान जाएगी टीम, 24 से 27 जनवरी तक होगी स्पर्धा

शॉपमैन ने कहा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद टीम रांची में दोबारा खेलने को लेकर उत्सुक है। अब थोड़ा समय बचा है, हम अपने खेल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम पेरिस ओलंपिक 2024 में क्वालिफाई करने के लिए शारीरिक, रणनीतिक और मानसिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हों। इसके बाद भारतीय टीम ओमान के मस्कट के लिए रवाना होगी जहां वे 24 से 27 जनवरी तक हॉकी फाइव्स विश्व कप में हिस्सा लेंगे।

**संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं:** गोलकीपर– सविता, रजनी एटिमार्पु, बिचू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी
**रक्षक पंक्ति–** दीप ग्रेस एक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छेत्री, महिमा चौधरी
**मध्यपंक्ति–** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरंबम, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मारियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, अजमीना कुजूर।
**अग्रिम पंक्ति–** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो और ब्यूटी डुंगडुंग।

### चोट से उबरने के बाद कोर्ट पर उतरीं पीवी

# ओलंपिक 2024: पेरिस के लिए सिंधु को मिला विदेशी कोच सांतोसो का साथ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु नए वर्ष से नए अवतार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करने जा रही हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए उन्होंने अपने लिए नया विदेशी कोच ढूंढ लिया है। सिंधु एक जनवरी से भारतीय टीम के पूर्व इंडोनेशियाई प्रशिक्षक और वर्तमान में थाईलैंड के कोच आगुस ड्वी सांतोसो के संरक्षण में कोचिंग लेंगी। हालांकि दिग्गज प्रकाश पादुकोण बतौर मेंटर उनके साथ जुड़े रहेंगे, लेकिन विदेशी कोच के रूप में अब सांतोसो सिंधु के साथ होंगे। सिंधु बाएं घुटने की चोट से उबरने के बाद वापस कोर्ट पर उतर आई हैं और उन्होंने हैदराबाद में अभ्यास शुरू कर दिया है। सूत्रों की मानें तो सांतोसो सिर्फ सिंधु को कोचिंग देने के लिए आ रहे हैं। उनका वेतन 10 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग सवा आठ लाख रुपये) प्रति माह होगा।

## पार्क-हाशिम के बाद अब सांतोसो

कोरियाई कोच पार्क ताई सुंग से अलग होने के बाद सिंधु ने विदेशी कोच कोच के रूप में इंडोनेशियाई दिग्गज मोहम्मद हाफिज हाशिम को अपनाया था, लेकिन उसके बाद उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन और खराब हो गया। नवंबर में उनके बाएं घुटने में मीडियल कोलेट्रल लिगामेंट (एमसीएल) ग्रेड-2 टियर निकला।

## कोचिंग के लिए मोटे वेतन पर आएंगे सांतोसो

सूत्रों की मानें तो सांतोसो सिर्फ सिंधु को कोचिंग देने के लिए आ रहे हैं। उनका वेतन लगभग सवा 8 लाख प्रति माह होगा। सिंधु को यह कोच साई की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। सिंधु के लिए सांतोसो थाईलैंड की टीम के साथ करार तोड़कर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सिंधु इस दौरान प्रकाश पादुकोण के साथ बंगलूरू के अलावा हैदराबाद दोनों जगह तैयारियां करेंगी। सांतोसो उनके साथ नियमित रूप से रहेंगे।




## पूर्व विश्व चैंपियनों के कोच रह चुके हैं सांतोसो

सिंधु पुनर्वास के बाद कोर्ट पर उतर आई हैं। वह इस वक्त हैदराबाद में अभ्यास कर रही हैं, लेकिन उन्हें अभ्यास का भार 50 प्रतिशत तक ही दिया गया है। अगले माह से उनके अभ्यास का भार बढ़ाया जाएगा। सांतोसो पूर्व विश्व नंबर एक कोरियाई शटलर सोन वान हो, पूर्व विश्व चैंपियन इंडोनेशियाई सोनी ड्वी कुंकरो के भी कोच रह चुके हैं। चिकित्सकों ने उन्हें पुर्नवास पर जाने की सलाह दी। इस दौरान ही सिंधु ने नए विदेशी कोच की तलाश शुरू की, जो सांतोसो के रूप में पूरी हुई है। सांतोसो पहले भी सिंधु को प्रशिक्षित कर चुके हैं। वह गोपीचंद अकादमी में भारतीय टीम के प्रशिक्षक थे, लेकिन लॉकडाउन के दौरान उन्हें अकादमी में अकेले रहना पड़ा। कुछ दिन बाद वह पद छोड़कर चले गए।

## डेविस कप में भारत के खेलने पर संशय, टेनिस संघ ने मंत्रालय से सलाह मांगी

एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर ने कहा, 'हमने खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है कि पाकिस्तान की यात्रा पर क्या नीति है। यह टेनिस का विश्व कप है। हम मंत्रालय के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।' भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने अगले साल फरवरी में इस्लामाबाद में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए राष्ट्रीय टीम के पाकिस्तान दौरे को लेकर खेल मंत्रालय से सलाह मांगी। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के पंचाट ने इस मुकाबले को किसी तटस्थ स्थल पर कराने के भारत के आग्रह को नामंजूर कर दिया था जिसके बाद एआईटीए ने यह कदम उठाया। धूपर ने कहा, 'हमने खेल मंत्रालय से सलाह मांगी है कि पाकिस्तान की यात्रा पर क्या नीति है। यह टेनिस का विश्व कप है। हम मंत्रालय के जवाब का इंतजार कर रहे हैं।' यह मुकाबला तीन और चार फरवरी को खेला जाएगा। धूपर ने इससे पहले कहा था कि टीम को पाकिस्तान भेजने से पहले वह खेल मंत्रालय से संपर्क करेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच इससे पहले डेविस कप मुकाबला 2019 में हुआ था, लेकिन तब एआईटीए के अनुरोध पर इसे पाकिस्तान के बजाय कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। भारतीय डेविस कप टीम ने आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था।

### भारत और साउथ अफ्रीका के पहले टेस्ट का तीसरा दिन

# तीसरे से पांचवें दिन तक हर रोज 98 ओवर का खेल होगा



**सेंचुरियन, एजेंसी**

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट सेंचुरियन में खेला जा रहा है। दूसरे दिन साउथ अफ्रीका ने 5 विकेट पर 256 रन बना लिए। टीम को 11 रन की बढ़त मिल चुकी है। गुरुवार को तीसरे दिन का खेल दोपहर एक बजे से शुरू होगा। साउथ अफ्रीका से डीन एल्गर 140 रन बनाकर मार्को यानसन (3* रन) के साथ नॉटआउट रहे। दोनों आज साउथ अफ्रीका की पहली पारी आगे बढ़ाएंगे। भारत से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट लिए। दूसरे दिन भारत 245 रन बनाकर ऑलआउट हुआ। केएल राहुल ने सेंचुरी लगाई, वह 101 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका से कगिसो रबाडा ने 5 और नांद्रे बर्गर ने 3 विकेट लिए। गुरुवार को सेंचुरियन में बारिश की संभावना महज 5 फीसदी है। पूरे दिन धूप खिली रहेगी और तीसरे दिन 98 ओवर का खेल संभव हो सकता है। पहले-दूसरे दिन बारिश और खराब लाइट के कारण करीब 45 ओवर के खेल का नुकसान हुआ था।

**एल्गर 14वां टेस्ट शतक बनाकर नॉटआउट:** साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने सेंचुरी लगाई। वह 140 रन बनाकर दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक नॉटआउट रहे।

## बारिश के कारण जल्दी खेल हो गया था खत्म

सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम में पहले और दूसरे दिन का खेल बारिश और खराब रोशनी के कारण जल्दी खत्म कर दिया गया। तीसरे से पांचवें दिन तक हर दिन ज्यादा से ज्यादा 98 ओवर का खेल होगा। पहले दिन 59 और दूसरे 75 ओवर का खेल ही सका। दोनों दिन मिलाकर करीब 45 ओवर कम फेंके गए, इसलिए उन्हें कवर करने के लिए अब हर दिन 8 ओवर ज्यादा फेंके जाएंगे। मेंस टेस्ट के एक दिन में आम तौर पर 90 ओवर का खेल होता है।

## दूसरे दिन एल्गर और राहुल के शतक

दूसरे दिन भारत ने 208/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। केएल राहुल ने 101 रन बनाए और टीम 245 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 5 विकेट पर 256 रन बनाए और 11 रन की बढ़त हासिल की। टीम से डीन एल्गर 140 रन बनाकर नॉटआउट रहे। साउथ अफ्रीका के लिए डेविड बेडिंघम ने 56 और टोनी डी जॉर्जी ने 28 रन बनाए। भारत से जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को 2–2 सफलताएं मिलीं। जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को भी एक विकेट मिला। पहले टेस्ट के पहले दिन साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी।



## मेट्रो बाजार

# अब सिंपल डॉट वन इलेक्ट्रिक स्कूटर 40 हजार महंगा हुआ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सिंपल एनर्जी ने इंडियन मार्केट में सिंपल डॉट वन इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 40 हजार रुपए बढ़ाने की घोषणा की है। अब ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 1.40 लाख रुपए (बेंगलुरु, एक्स-शोरूम) की कीमत में मिलेगा। बेंगलुरु बेस्ड इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मैन्युफैक्चरर ने ई-स्कूटर को 15 दिसंबर को 99,999 रुपए (बेंगलुरु, एक्स-शोरूम) के इंट्रोडक्टरी प्राइस में लॉन्च किया था। ये कीमत सिर्फ मौजूदा कस्टमर्स के लिए थी, जिन्होंने सिंपल वन की प्री-बुकिंग की थी। नए कस्टमर 27 जनवरी, 2024 से सिंपल डॉट वन को 1947 रुपए की टोकन मनी देकर ऑफिशियल वेबसाइट से बुक कर सकेंगे। स्कूटर की डिलीवरी सबसे पहले बेंगलुरु में शुरू होगी। इसके बाद अन्य शहरों में अलग-अलग फेज में इसकी डिलीवरी की जाएगी। कंपनी ने इस स्कूटर के पावरट्रेन को अपडेट किया है। बेंगलुरु स्थित इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर मैन्युफैक्चरर का दावा है कि ये स्कूटर एक बार फुल चार्ज करने पर 151 किलोमीटर की रेंज देगा। भारत में सिंपल वन के बाद ये कंपनी का दूसरा इलेक्ट्रिक स्कूटर है। सिंपल डॉट वन को सिंपल वन के प्लेटफॉर्म पर ही डेवलप किया गया है। फीचर्स और डिजाइन के मामले में भी स्कूटर सिंपल वन की तरह ही है, इसमें मैकेनिकल चेंजेस किए गए हैं। स्कूटर सिंगल वैरिएंट और चार कलर ऑप्शन



नम्मा रेड, ब्रेजेन ब्लैक, ग्रेस व्हाइट और एज्योर ब्लू के साथ अवेलेबल है। हालांकि, कंपनी इंट्रोडक्टरी ऑफर के तहत लाइटएक्स और ब्रेजेनएक्स कलर ऑप्शन भी पेश कर रही है। स्कूटर में परफॉर्मेंस के लिए इलेक्ट्रिक मोटर लगाई गई है, जो 8.5 किलोवाट की पावर और टॉर्क जनरेट करती है।

# अल्ट्राटेक-सीमेंट बनी 20वीं सबसे बड़ी कंपनी

**मुंबई, एजेंसी।** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने पहली बार 3 लाख करोड़ का मार्केट कैप पार कर लिया है। इसके साथ ही अल्ट्राटेक सीमेंट भारत की 20वीं सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। कारोबार के दौरान अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर ने 10,470 रुपए का ऑल टाइम हाई और 52-वीक हाई भी बनाया। इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैपिटलाइजेशन भी बढ़कर 3.01 लाख करोड़ रुपए हो गया है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने सीमेंट शेयरों में मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ की उम्मीद जताई है और टारगेट प्राइस को भी बढ़ा दिया है। यही वजह है कि आज कई सीमेंट स्टॉक्स में तेजी देखी गई। ब्रोकरेज हाउस ने अल्ट्राटेक सीमेंट की रेटिंग को न्यूट्रल से अपग्रेड करके बाय कर दिया है। इस फर्म ने स्टॉक के लिए 11,500 रुपए का टारगेट प्राइस भी दिया है। भारत की सीमेंट इंडस्ट्री ने पहली छमाही में सालाना 17% की मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की है। नोमुरा ने कहा कि दूसरी छमाही में यह मोमेंटम जारी रहने की उम्मीद है। पहली छमाही से सेल्स वॉल्यूम में 11% और सालाना 13% की बढ़ोतरी की उम्मीद है।

UltraTech CEMENT

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

# श्रुति हसन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मेरी शादी नहीं हुई है...



बीते कुछ दिनों से अफवाहें जोरों पर थीं कि श्रुति हासन ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका से शादी कर ली है। अब लगातार शादी की खबरें आने के बीच श्रुति और उनके बॉयफ्रेंड ने सफाई देते हुए अफवाहें फैलाने वालों से खास रिक्वेस्ट की है। श्रुतिहासन ने शादी की खबरें आने के बाद सोशल मीडिया पर सफाई पेश की है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, मेरी शादी नहीं हुई है। मेरे जैसा एक इंसान जो जिंदगी की हर बात को लेकर काफी ओपन है, वो शादी की बात क्यों छिपाएगा। वो लोग जो मुझे बिल्कुल नहीं जानते वो शांत रहें। वहीं श्रुति के बॉयफ्रेंड शांतनु हजारिका ने सोशल मीडिया पर लिखा है, आप सबको शांत रहने की जरुरत है। हमने शादी नहीं की है। जो लोग हमें नहीं जानते वो प्लीज अफवाहें न फैलाएं।

## कैसे शुरू हुई शादी की अफवाहें


हाल ही में पैपराजी के फेवरेट ओरी उर्फ ओरहान ने सोशल मीडिया पर आस्क मी एनिथिंग सेशन रखा था। इस दौरान उनसे ऐसे एक सेलिब्रिटी का नाम पूछा गया जिसने उनके साथ तस्वीर क्लिक करवाने पर एटीट्यूड दिखाया हो। इसके जवाब में ओरी ने श्रुति हासन का नाम लिया। ओरी ने कहा, मैंने कभी उसके साथ फोटो क्लिक करवाने को नहीं कहा, हम एक इवेंट में मिले थे, जहां वो मेरे साथ बहुत रूड बिहेव कर रही थी। मैं उसे जानता भी नहीं हूं। मुझे बहुत बुरा लगा था। मुझे लगता है शायद कोई मिस अंडरस्टैंडिंग हुई होगी क्योंकि मैं उसके हसबैंड को अच्छी तरह जानता हूं और उसे पसंद करता हूं। हमारी गलतफहमी तो तुरंत दूर हो गई थी, लेकिन फिर मुझे पता चला कि उसने मुझे प्यून या स्पॉटबॉय कहा है। जैसे ही ओरी ने शांतनु हजारिका को श्रुति हासन का बॉयफ्रेंड नहीं हसबैंड बताया तो दोनों की शादी की खबरें शुरू हो गईं। क्योंकि ओरी ने ये भी कहा है कि वो शांतनु के दोस्त हैं। बताते चलें कि श्रुति हासन पिछले 3–4 सालों से शांतनु के साथ रिलेशनशिप में हैं। शांतनु एक आर्टिस्ट हैं। श्रुति हासन इन दिनों प्रभास के साथ फिल्म सालार पार्ट–1: सीजफायर में नजर आ रही हैं।

# पापा के साथ फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में पहुंचा तो लाइफ चेंज हो गई: अभिषेक



एक्टर अभिषेक बच्चन ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में अपने शुरुआती दिनों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कैसे डायरेक्टर जेपी दत्ता ने उन्हें एक अवॉर्ड फंक्शन में स्पॉट किया था और हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में पहला मौका दिया। इससे पहले दो साल तक कई डायरेक्टर्स उन्हें रिजेक्ट कर चुके थे। इंटरव्यू में अभिषेक ने सिर्फ अपने ही नहीं बल्कि पिता अमिताभ बच्चन के स्ट्रगल पर भी बात की। अभिषेक ने कहा– 'मैं हमेशा से ही मूवी स्टार बनना चाहता था इसलिए मैंने कई डायरेक्टर्स से मुलाकात की पर उनमें से कोई भी अमिताभ बच्चन के बेटे को लॉन्च करने की रिस्पॉन्सिबिलिटी नहीं लेना चाहता था। फिर मैंने और मेरे एक दोस्त के साथ मिलकर अपनी स्क्रिप्ट लिखने का फैसला किया, पर वो भी पूरी ही नहीं हो पाई। फिर एक दिन मैं पापा के साथ फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में पहुंचा, जहां से मेरी लाइफ चेंज हो गई।' अभिषेक ने आगे बताया, '20 साल पहले जब फिल्मफेयर अवॉर्ड्स होते थे तो एक्टर्स को एक महीने पहले से ही तय करना होता था कि वो इवेंट पर क्या पहनेंगे। उस दौर में कोई रेंट पर या फ्री आउटफिट्स नहीं देता था, हमें खुद खरीदने प?ते थे। उस दिन कोई शाम की शिफ्ट में शूटिंग नहीं करता था। पूरी इंडस्ट्री इस अवॉर्ड नाइट में शामिल होती थी फिर चाहे कोई नॉमिनेट हो या ना हो।

# रणबीर ने रश्मिका से बोला- 'यह पूरी तरह से आपका सीन है...'



डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट रही। हालांकि कई दर्शकों ने इसे जमकर क्रिटिसाइज भी किया। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में संदीप के भाई प्रणय ने बताया कि इस फिल्म के थप्पड़ सीन में परफेक्शन पाने के लिए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने रणबीर कपूर को 20 से 25 थप्पड़ लगाए थे। फिल्म के उसी थप्पड़ सीन की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर संदीप से डिसकस करते रणबीर और रश्मिका। फिल्म के उसी थप्पड़ सीन की शूटिंग के दौरान डायरेक्टर संदीप से डिसकस करते रणबीर और रश्मिका। एक इंटरव्यू में प्रणय ने कहा, 'मेरे ख्याल से फिल्म में रश्मिका का किरदार गीतांजली उतना ही इम्पॉर्टेंट है जितना रणबीर कपूर और बॉबी देओल का था। फिल्म के करवा चौथ सीन में रणबीर के मुश्किल से 4 डायलॉग होंगे। वो सीन पूरी तरह से रश्मिका का है। शूटिंग के दौरान रणबीर ने रश्मिका से कहा भी था कि यह सीन पूरी तरह से उनका है और यह अच्छे से शूट हो इसके लिए रश्मिका उन्हें जितना चाहे मार सकती हैं। यहां तक की परफेक्ट शॉट पाने के लिए रणबीर ने रश्मिका से 20 से 25 थप्पड़ भी खाए थे। रणबीर इस सीन के इमोशंस को पूरी तरह बाहर लाना चाहते थे।'



भोपाल उत्सव मेले में इस बार फिश टनल लोगों की उत्सुकता का केंद्र है। यह मेला टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहा है। – फोटो : निर्मल व्यास

गिरोह ने रातीबड़, हबीबगंज, एमपी नगर, गौतम नगर और कोलार में की चोरी

# राजधानी में बाइक चोर गिरोह सक्रिय, आधा दर्जन बाइक पर हाथ किए साफ

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**राजधानी में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। गिरोह ने रातीबड़ से दो बाइक चोरी की, वहीं हबीबगंज, एमपी नगर, गौतम नगर और कोलार से भी बदमाश स्कूटर समेत बाइक चुराकर ले गए।**


फाइल फोटो

रातीबड़ पुलिस ने बताया कि भरत मेवाड़ा पिता कालूराम मेवाड़ा (28) द्रोपदी स्कूल के पास, बरखेडी कलां में रहते हैं और केटरिंग का काम करते हैं। 26 दिसंबर की रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। अगले ही दिन बुधवार सुबह करीब 9 बजे देखा तो बाइक वहां से चोरी हो चुकी थी। इसी थाना क्षेत्र स्थित दी प्रतिनव स्कूल के पास से एक अन्य बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि राहुल मीणा (27) दी प्रतिनव स्कूल के पास रातीबड़ में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 26 दिंसरब की रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। बुधवार सुबह करीब 8 बजे उन्होने देखा तो बाइक घर के सामने नहीं थी। इसी तरह पीसी नगर मल्टी में रहने वाली अलका कोचले पित राजू सावले (26) की स्कूटर मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाश चुराकर ले गया। स्कूटर की कीमत चालीस हजार रुपए बताई जा रही है। वाहन चोरों ने गौतम नगर निवासी सलामान खान की बाइक डीआईजी बंगला के पास से चुरा ली। कोलार पुलिस ने बताया कि डीमार्ट के सामने से बाइक चोर मुकेश की बाइक चोरी कर ले गए।

## छात्रा को परेशान करने वाले युवक पर छेड़छाड़ का केस दर्ज

**भोपाल।** जहांगीराबाद पुलिस ने एक छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ पीछा कर छेड़छाड़ करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक पुराने शहर में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी नौवीं कक्षा में पढ़ती है। उसकी नानी का घर जहांगीराबाद इलाके में है। नानी के घर आते-जाते समय पिछले कुछ समय से अरसान नामक युवक उसका पीछा करता था। वह दोस्ती करने के लिए दबाव बनाया करता था। पहले तो पीड़िता ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब अरसान की हरकतें बंद नहीं हुई तो छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। मंगलवार को परिजन उसे लेकर जहांगीराबाद थाने पहुंचे, जहां पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।


फाइल फोटो

# दसवीं के छात्र की खुदकुशी का रहस्य बरकरार, परिजनों के बयानों का इंतजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

कोलार रोड स्थित आईबीडी हालमार्क सिटी में रहने वाली दसवीं कक्षा के छात्र की खुदकुशी का रहस्य अभी बरकरार है। घटना के चौबीस घंटे बाद भी परिजनों के बयान नहीं हो पाए हैं। यह भी पता नहीं चला है कि जिस कट्टे से गोली चलाई गई थी, वह कहां से आया था।

मृतक के मोबाइल को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार आईबीडी कैंपस में रहने वाला अंश अरजरिया (16) निजी स्कूल से दसवीं की पढ़ाई कर रहा था।


फाइल फोटो

मंगलवार शाम करीब छह बजे वह चाबी लेकर पहुंचा और कमरा बंद कर खुद के सीने में कट्टे से गोली मार ली थी। करीब आधे घंटे बाद मां घर पहुंची तो दरवाजा बंद मिला। किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया तो वह बेसुध हालत में मिला। अंश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

घटना से पहले उसने अपने पिता प्रदीप अरजरिया के मोबाइल पर सारी पापा लिखकर मैसेज भेजा था।

## नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भोपाल, दोपहर मेट्रो

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर झुग्गी में कल शाम एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पांच महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतिका के मायके पक्ष के लोग छत्तीसगढ़ से निकल गए हैं। आज उनकके भोपाल लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। एएसआई बद्रीप्रसाद ने बताया कि आदर्श नगर, झुग्गी निवासी प्रमोद ठाकुर की शादी पांच महीने पहले ही छत्तीसगढ़ निवासी सोनी क्षत्रिय से हुई थी। सोनी छत्रिय गृहणी थी और प्रमोद ठाकुर मजदूरी करता है। कल प्रमोद मजदूरी पर गया था। शाम को वह घर लौटा तो उसने पत्नी को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ ही परिजन से प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष के बयान के बाद ही आत्महत्या के कारण स्पष्ट हो सकेगे।

## महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

भोपाल, दोपहर मेट्रो


फाइल फोटो

बागसेवनिया में रहने वाली एक महिला ने बुधवार को घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक मूलत– छत्तीसगढ़ निवासी सोनी छत्रिय (22) यहां आदर्श नगर झुग्गीबस्ती बागसेवनिया में रहती थी और पति के साथ मजदूरी करती थी। बुधवार सुबह पति प्रमोद काम पर चला गया था, जबकि सोनी घर पर थी। दोपहर बाद पति घर पहुंचा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

## शराब के लिए अड़ीबाजी चाकू से हमला



भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहाजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित आम वाली मस्जिद के पास बदमाश ने युवक से अड़ीबाजी करते हुए चाकू से हमला कर दिया। चाकू पीठ, सिर व कान के पास लगने से युवक का गंभीर चोट आई है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर अड़ीबाजी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार अरबाज खान पिता हसीन खान (18) मजदुर नगर] शाहजहांनाबाद में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह मजदुरी करता है। 26. दिसंबर की रात करीब साढ़े 9 बजे के आसपास वह आम वाली मस्जिद के पास खड़ा था, तभी उसका परिचित समीर मिला और मुझे नशा करने के लिए अड़ीबाजी कर रुपए की मांग करने लगा। अरबाज ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है तो समीर उसे गालियां देने लगा। गाली देने से अरबाज ने मना किया तो आरोपी ने चाकू से अरबाज पर हमला कर दिया। चाकू सिर बांए कान और पीठ पर लगने से अरबाज को गंभीर चोट आई है। वह इलाज कराने के लिए अस्पताल चला गया था। लिहाजा उसे शिकायत करने में देरी हो गई।

**मेट्रो एंकर** एनसीआरबी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया सम्मान

# मप्र पुलिस ने किया डिजिटल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन

भोपाल, दोपहर मेट्रो

पुलिसिंग में तकनीकी पहल करने के लिए मध्य प्रदेश पुलिस की एससीआरबी टीम ने नई दिल्ली में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद आज मप्र पुलिस के डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना से सौजन्य भेंट की। यह उपलब्धि प्राप्त करने पर डीजीपी सक्सेना ने प्रसन्नता व्यक्त की और इसके लिए पूरी टीम को बधाई दी व उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग कर मध्य प्रदेश पुलिस को नवीन ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। जिन्हें प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है, वे इसे कायम रखें और जो दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं, वे आगामी वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त करने का प्रयास करें।

इस अवसर पर भोपाल के पुलिस मुख्यालय, एससीआरबी में पदस्थ एडीजी चंचल शेखर, एआईजी प्रांजलि शुक्ला, निरीक्षक डॉली गोस्वामी, प्रधान आरक्षक (कम्प्यूटर) अंकुश सोनी और अर्शदीप सिंह सहित पूरी टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।



## मध्य प्रदेश पुलिस को मिला प्रथम पुरस्कार

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली में 21-22 दिसंबर 2023 को आयोजित कान्फ्रेंस आन गुड प्रेक्टिस इन सीसीटीनएनस 2023 में राष्?ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब?यूरो (एनसीआरबी), गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश पुलिस को डिजिटल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं आईसीजेएस का उपयोग करते हुए अपराधों की रोकथाम करने के लिए प्रथम पुरस्कार दिया था। आईसीजेएस (इन्टर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) के क्रियान्वयन में सराहनीय कार्य के लिए संपूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश पुलिस को यह ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही प्रदेश की फॉरेंसिक शाखा को देशभर में द्वितीय स्थान और मध्य प्रदेश पुलिस को ई रक्षक मोबाइल एप्प की नई पहल के लिए भी तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

## शीघ्र एवं पारदर्शी विवेचना के लिए महत्वपूर्ण तकनीक है आईसीजेएस

एडीजी एससीआरबी चंचल शेखर ने बताया कि मध्यप्रदेश में आईसीजेएस के क्रियान्वयन में राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो (एससीआरबी) नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। एससीआरबी सभी पिलर्स के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करता है ताकि आईसीजेएस का सुचारू रूप से संचालन, अपराधों की शीघ्रता से विवेचना और न्यायिक प्रक्रिया का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। एससीआरबी द्वारा सभी पिलर्स की मासिक बैठक लेकर समस्याओं का समाधान करने के साथ ही इनकी रिपोर्ट माननीय उच्च न्यायालय की ई-कमेटी को प्रेषित की जाती है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022